आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 15 -● जबलपुर ● मंगलवार, 14 फरवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 9 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

### पीएम मोदी का ट्वीट, जवानों का बलिदान कभी नहीं भूलेंगे

**नई दिल्ली, ईएमएस।** आतंकियों ने साल 2019 में आज ही के दिन पुलवामा हमले को अंजाम दिया था, जिसमें सेना के 40 जवान शहीद हो गए थे। जैश के ही आत्मघाती आतंकी आदिल डार ने लेथपोरा में सीआरपीएफ की बस पर हमला किया था। पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, वीर नायकों को नमन, जिन्हें हमने इस दिन पुलवामा में खो दिया था। हम उनके सर्वोच्च बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे।

### होलीपुरा में पलटी बस 25 यात्री घायल

**सीहोर, यशभारत।** जिले के बुदनी नगर में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई, जिससे बस में सवार लगभग 25 यात्री घायल हुए हैं। इनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा सुबह 9 बजे के आसपास हुआ। यात्री बस सिवनी मालवा से नसरुल्लागंज की ओर जा रही थी।

# सबूत हों तो कोर्ट जाएं , विपक्ष केवल शोर मचाना जानता है

## अदाणी मामले पर बोले गृहमंत्री अमित शाह

**नई दिल्ली , एजेंसी।** गृहमंत्री अमित शाह ने अदाणी हिंडनबर्ग प्रकरण के बाद विपक्ष के आरोपों पर कहा है कि कुछ भी छिपाने जैसा या डरने जैसा नहीं है। गृहमंत्री ने यह 'प्रतिक्रिया' कांग्रेस की ओर से सरकार पर अदाणी समूह का फेवर करने के आरोप लगाने के बाद दी है। उन्होंने समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा है कि सरकार या बीजेपी के पास ना कुछ छिपाने के लिए है ना डरने की कोई जरूरत है। अदाणी मसले पर कांग्रेस के हमलावर होने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष केवल शोर मचाना जानता है। अगर उनके पास गड़बड़ी के सबूत हैं तो उन्हें कोर्ट जाना चाहिए। गृह मंत्री से यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस आपकी पार्टी बीजेपी पर अदाणी से मित्रता का आरोप लगा रही है। कांग्रेस का आरोप है कि अदाणी को सभी कांट्रेक्ट मिल रहे हैं। वहीं बीजेपी का डिफेंस कमजोर है। गृह मंत्री ने कहा कि इस मामले में बीजेपी को कुछ छिपाने को नहीं है और ना ही डरने की जरूरत है। उन्होंने कहा इससे जुड़े एक मामले में देश के सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। ऐसे में देश के कैबिनेट का सदस्य होने के नाते मेरे लिए इस वक्त कुछ भी बोलना ठीक नहीं होगा।



गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सत्य पर एक हजार साजिश कर लो कुछ नहीं होता है। वो करोड़ों सूर्य की भांति तेजस्वी बनकर बाहर आता है। मोदी जी के खिलाफ 2002 से साजिश हो रही है पर हर बार वो और अधिक मजबूत होकर, सच्चे बनकर और जनता की ज्यादा लोकप्रियता हासिल कर उभरे हैं।
बता दें कि हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट में अदाणी समूह के संबंध में शेयरों में गड़बड़ी करने और वित्तीय धोखाधड़ी करने के दावे किए गए थे। इस रिपोर्ट के बाद अदाणी समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। रिपोर्ट के बाद अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी जो पिछले महीने 24 जनवरी तक दुनिया के तीसरे सबसे धनवान व्यक्ति थे उनकी संपत्ति में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई वे दुनिया के अमीरों की टॉप 10 लिस्ट से बाहर हो गए।

### SDM-SO समेत 40 पर हत्या का केस

# बुलडोजर झोपड़ी पर मां- बेटी की मौत



## जिंदा जल गईं दो जिंदगी

**कानपुर देहात एजेंसी।** कानपुर देहात में अतिक्रमण हटाने के दौरान मां-बेटी की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस-प्रशासन सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने गया था। इसी दौरान, एक महिला चिल्लाते हुए दौड़कर झोपड़ी में जाती है। वह अंदर से दरवाजा बंद कर देती है। पुलिस भी दौड़कर वहां पहुंचती है। दरवाजा तोड़ देती है। इसी बीच, झोपड़ी में आग लग जाती है। महिला और उसकी बेटी अंदर थीं। पुलिस फोर्स और अफसरों के सामने दोनों की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं, दोनों को बचाने में पति कृष्ण गोपाल बुरी तरह झुलस गए। पुलिस आग बुझाने के लिए बुलडोजर मंगाती है और जलती हुई झोपड़ी को गिरा देती है। सोमवार शाम हुई इस घटना से जुड़ा 2.30 मिनट का वीडियो सामने आया है। मैथा तहसील के मड़ौली गांव मां-बेटी की मौत के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस-प्रशासनिक अफसरों को दौड़ा लिया। अफसरों ने भागकर अपनी जान बचाई। परिजनों की शिकायत पर एसडीएम मैथा ज्ञानेश्वर प्रसाद, रुरा एसएचओ दिनेश गौतम, लेखपाल अशोक सिंह समेत 40 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

परिजन पांच करोड़, सरकारी नौकरी और दोनो बेटों के लिए आवास की मांग पर अड़े । लेखपाल पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। अफसरों की टीम को दौड़ा दिया। भीड़ का गुस्सा देख टीम के अन्य लोग भाग खड़े हुए। बाद में गुस्साए लोगों ने एसडीएम, रुरा इंस्पेक्टर, तहसीलदार व लेखपाल समेत गांव के 10 लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग करते हुए शवों को नहीं उठने दिया। देर रात तक मंडलायुक्त और आईजी, डीएम लोगों को समझाया, लेकिन परिजन नहीं माने। मंगलवार सुबह उच्चाधिकारी फिर से परिजनों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। परिजन पांच करोड़, सरकारी नौकरी और दोनो बेटों के लिए आवास की मांग पर अड़े हैं। सोमवार को जनसुवाई में डीएम नेहा जैन से मड़ौली गांव के कुछ लोगों ने ग्राम समाज की भूमि पर गांव के ही कृष्ण गोपाल दीक्षित उर्फ राघव का कब्जा होने की शिकायत की। इस पर डीएम ने एसडीएम को कार्रवाई के निर्देश दिए।

### कांस्टेबल को बोनट पर लेकर 1किमी घूमा कार ड्राइवर

**मुंबइ, ईएमएस।** महाराष्ट्र के पालघर में एक कार ड्राइवर ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल को गाड़ी के बोनट पर 1 किमी तक लेकर घूमता रहा। बाद में कार ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया। कार चालक के पास वैध लाइसेंस नहीं था, इसीलिए वह कार्रवाई से बचने के लिए भाग रहा था। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया है। अब इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।मामला पालघर के वसई इलाके का है। यहां सोमवार को एक कार ने ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने की कोशिश की। इस पर ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल ने कार के आगे आ गया और गाड़ी रोकने को कहा, लेकिन ड्राइवर गाड़ी रोकने के बजाय कांस्टेबल को टक्कर मार दी। जिससे कांस्टेबल जख्मी होकर कार के बोनट पर जा गिरा।इसके बाद भी चालक के कार नहीं रोकी, बल्कि कांस्टेबल को बोनट पर लेकर करीब 1 किमी तक घूमता रहा।

### कराची में दूध 210 रु. प्रति लीटर, चिकन 700 रु. प्रति किलो के पार

**कराची,एजेंसी।** पाकिस्तान लगातार आर्थिक संकट की स्थिति से गुजर रहा है, जिससे लोग बेतहाशा बढ़ती महंगाई से परेशान हैं। देश में अनिश्चित आर्थिक स्थिति के बीच राज्य के दुकानदारों ने कराची में दूध की कीमत 190 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 210 रुपये प्रति लीटर कर दी है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ दुकानदारों ने खुले दूध की कीमत 190 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 210 पाकिस्तानी रुपये कर दिया है और जिंदा ब्रायलर चिकन में पिछले दो दिनों में 30-40 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी देखी गई है। जिससे बाद ब्रायलर चिकन की कीमत 480-500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

### ISIS में शामिल होने का मामला | दोषियों को नहीं मिली राहत

# केरल HC ने आतंकवाद को बताया जीवन के लिए खतरा

**कोच्चि , एजेंसी ।** केरल उच्च न्यायालय ने आईएसआईएस में शामिल होने के लिए सीरिया जाने की कोशिश करने के दोषी तीन लोगों की सजा पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि आतंकवाद लोगों के जीवन और स्वतंत्रता और देश के विकास को प्रभावित करने वाली एक बुराई है। कोर्ट ने कहा कि कोई भी धर्म आतंकवाद नहीं फैलाता लेकिन कुछ कट्टरपंथियों या धार्मिक कट्टरपंथियों ने आतंकवाद और नफरत के संदेश फैलाने के लिए धर्म के विचारों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया है।न्यायमूर्ति अलेक्जेंडर थॉमस और न्यायमूर्ति सोफी थॉमस की पीठ ने सजा को निलंबित करने और तीनों - मिडलाज, अब्दुल रजाक और हम्सा को जमानत देने से इनकार कर दिया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ साबित हुआ, भले ही वे एक बड़े हिस्से से गुजरे हों। अदालत ने कहा कि आतंकवाद लोगों के जीवन और स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाली एक बुराई है। यह सभी प्रकार से राष्ट्र के विकास को प्रभावित करता है। वास्तव में, कोई भी धर्म आतंकवाद या घृणा का प्रचार नहीं करता है। लेकिन, दुर्भाग्य से, कुछ कट्टरपंथियों या धार्मिक कट्टरपंथियों ने आतंकवाद और घृणा के संदेशों को फैलाने के लिए धर्म के विचारों को विकृत कर दिया है, बिना यह जाने कि यह समाज के साथ-साथ पूरे देश को कितना नुकसान पहुंचा रहा है।



अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आतंकी संगठनों के आह्वान से आकर्षित निर्दोष युवा हिंसा और देश विरोधी गतिविधियों का शिकार हो जाते हैं, समाज में शांति को नष्ट कर देते हैं, अपने साथी प्राणियों की स्वतंत्रता, स्वतंत्रता और सुरक्षा और देश की अखंडता से बेपरवाह हो जाते हैं।

# जम्मू-कश्मीर के लिथियम भंडार को लेकर आतंकियों ने दी धमकी

### लेटर लिखकर कहा- इसका इस्तेमाल स्थानीय लोगों की बेहतरी के लिए हो

**श्रीनगर, ईएमएस।** जम्मू-कश्मीर के रियासी में लिथियम भंडार मिलने के बाद एक आतंकी संगठन ने सोमवार को धमकी भरा लेटर जारी किया है। पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट ने लेटर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के संसाधनों की चोरी करने की अनुमित नहीं देगा। ये संसाधन जम्मू-कश्मीर के लोगों के हैं, इन्हें स्थानीय लोगों की जिंदगी को बेहतर करने के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए। 10 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के रियासी में लिथियम का भंडार मिला था। इसकी कैपेसिटी 59 लाख ( 5.9 मिलियन ) टन है। लिथियम के साथ ही सोने के 5 ब्लॉक भी मिले हैं। लिथियम की यह पहली साइट है, जिसकी पहचान जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में की है। लिथियम एक ऐसा नॉन फेरस मेटल ( अलौह धातु ) है, जिसका उपयोग मोबाइल-लैपटॉप, इलेक्ट्रिक व्हीकल समेत अन्य चार्जेबल बैटरी बनाने में किया जाता है। यह एक रेअर अर्थ एलिमेंट है। भारत लिथियम के लिए अभी पूरी तरह दूसरे देशों पर निर्भर है।भारत अपनी जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। 2020 से भारत लिथियम आयात करने के मामले में दुनिया में चौथे नंबर पर रहा।





## भारतीय न्यायिक प्रक्रिया को समझने आया 23 अमेरिकी जजों का प्रतिनिधिमंडल

### सांसद विवेक तन्खा ने दिया स्वागत भोज



**नई दिल्ली यशभारत।** भारत में अपने समकक्षों से वार्ता करने और भारतीय न्यायिक प्रक्रिया को समझने अमेरिका के विभिन्न राज्यों के करीब दो दर्जन जज भारत की यात्रा पर पहुंचे । 23 अमेरिकी जजों के इस प्रतिनिधिमंडल में से आधा दर्जन जज भारतीय अमेरिकी मूल के हैं।कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने सोंमवार को इन अमेरिकी जजों को दोपहर के भोज पर आमंत्रित किया । स्वागत भोज में भाजपा सांसद भी शामिल हुए। कांग्रेस से वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, सांसद शशि थरूर, केटीएस तुलसी, अखिलेश सिंह सांसद अमी याज्ञिक, डीएमके के त्रिची शिवा, टीएमसी की महुआ मोहत्रा, डीएमके के डी विलसन, बीजेडी से पिनाकी मिश्रा आदि शामिल थे। इस अवसर पर कई सीनियर एडवोकेट्स और लॉ फर्म्स के पार्टनर के भी उपस्थित थे।

## पुणे-नासिक हाईवे पर वैन ने 17 महिलाओं को कुचला



### 4 की मौके पर ही मौत, 14 गंभीर

**पुणे, ईएमएस।** महाराष्ट्र के पुणे-नासिक हाईवे पर सोमवार देर रात एक वैन ने 17 महिलाओं को कुचल दिया। 4 महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। 13 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हैं। इनका इलाज किया जा रहा है। वैन चालक फरार है। पुलिस तलाश कर रही है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, सभी महिलाएं रसोइया का काम करती हैं। आधी रात एक कार्यक्रम से अपना काम खत्म कर घर लौट रही थीं। पुणे की बस से खरपुड़ी फाटा पर उतरी थीं। इसी दौरान सड़क पार करते समय हादसा हुआ। पुणे की तरफ से आ रही तेज रफ्तार वैन ने महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। मामले में आगे की जांच कर ही है।

### पप्पू यादव के काफिले की गाड़ियां टकराईं

आरा-बक्सर नेशनल हाईवे 922 पर सोमवार देर रात 1 बजे पप्पू यादव के काफिले की गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस हादसे म बिहार मिलिट्री पुलिस के 2 जवान समेत 11 लोग घायल हुए हैं। इसमें पूर्व सांसद और जाप (जन अधिकार पार्टी) संयोजक पप्पू यादव हादसे में बाल-बाल बचे। हादसा इतना जबरदस्त था की गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए और स्कॉट की गाड़ी सड़क से नीचे जा गिरी।


## पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

# अरुणोदय पंचांग

### घर-घर का पंडित बना अरुणोदय पंचांग








### IGI पर फिर लापरवाही!

# 5 घंटे तक रहे फ्लाइट में कैद रहे 200 यात्री



### ना खाना मिला ना पानी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फिर लापरवाही का मामला सामने आया है। एयरपोर्ट पर उस वक्त एक फ्लाइट में सवार 200 से अधिक यात्रियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया, जब उन्हें पांच घंटे से भी अधिक समय तक फ्लाइट में एक तरह से कैद होकर रहना पड़ा। इस दौरान ना तो यात्रियों को पानी दिया गया ना ही नाश्ता। जबकि यात्री रविवार-सोमवार आधी रात से फ्लाइट में सवार थे। बाद में फ्लाइट में हंगामा होते देख एयरलाइंस ने तमाम यात्रियों को कुछ खाने के लिए दिया।
दिल्ली एयरपोर्ट के टी-3 पर हुई यह घटना रविवार-सोमवार आधी रात से शुरू हुई। जानकारी के मुताबिक, थाई एयरवेज की फ्लाइट नंबर-टीजी-316 को टी-3 से आधी रात को टेक ऑफ करना था। फ्लाइट में 223 यात्री सवार हो चुके थे। फ्लाइट अपने नीयत समय से टेक ऑफ करने के लिए तैयार थी। लेकिन जब पायलट ने प्लेन को टेक ऑफ कराने के लिए रनवे की ओर ले जाने की कोशिश की तो पता लगा कि प्लेन के ब्रेक में कुछ समस्या है। जबकि सूत्रों का कहना है कि इससे पहले फ्लाइट इंजीनियर ने प्लेन का इंस्पेक्शन करके उसे टेक ऑफ के लिए हरी झंडी दे दी थी। बावजूद इसके जब प्लेन टेक ऑफ करने वाला था। ठीक उससे पहले पायलट को प्लेन के ब्रेकिंग सिस्टम में आई गड़बड़ी का पता लग गया। इसकी जांच कराना शुरू किया गया, लेकिन इसकी जानकारी फ्लाइट में सवार यात्रियों को नहीं दी गई। फ्लाइट को सुबह 3.30 बजे टेक ऑफ करना था, लेकिन सुबह 7 बजे इसने टेक ऑफ किया।

### बीजेपी विधायक ने सांप लपेटकर बजाई बीन

**रीवा यशभारत।** रीवा में विकास यात्रा के दौरान बीजेपी विधायकों के अलग-अलग रूप देखने को मिल रहे हैं। विकास यात्रा के दौरान रीवा में बीजेपी विधायक श्यामलाल द्विवेदी का अलग अंदाज दिखा है। वह विकास को दिखाने के लिए सपेरा बन गए हैं। गर्दन में सांप लपेटकर विधायक बीन बजा रहे हैं। विकास यात्रा में आई भीड़ विधायक का यह रूप देखकर हैरान थे। साथ ही खूब तालियां बजा रहे थे। सोशल मीडिया पर सपेरा बने विधायक का वीडियो वायरल है।सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो त्योंथर विधायक श्यामलाल द्विवेदी का है। विकास यात्रा के दौरान उनके कार्यक्रम में एक सपेरा पहुंच गया था। सपेरा मंच पर पहुंच गया था। इसके बाद वह विधायक जी को आशीर्वाद देने लगा। सपेरा ने पहले विधायक जी को बीन दिया।

### कलेक्टर ने कुंडम में छात्राओं से पूछा कि उन्हें भोजन में क्या-क्या मिलता

# सिर्फ पढ़ती ही हैं या खेलती भी हो, बालिका छात्रावास की छात्राओं से किया संवाद





**जबलपुर, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के 15 फरवरी के प्रस्तावित प्रवास के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लेने कुंडम पहुंचे कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने यहां स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण भी किया। श्री सुमन ने इस दौरान छात्राओं से संवाद किया और उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्राओं से पूछा कि उन्हें भोजन में क्या-क्या मिलता है और पढाई के लिए कितना समय देती हैं। छात्राओं ने बताया कि वे छात्रावास से नाश्ता कर स्कूल जाती हैं, स्कूल में मध्यान्ह भोजन करती हैं और स्कूल से वापस आने पर उन्हें शाम को फिर नाश्ता मिलता है। रात को भोजन के बाद पढ़ाई करती हैं। कलेक्टर ने छात्राओं से प्रतिदिन की दिनचर्या जानने के बाद पूछा कि सिर्फ पढ़ती ही हैं या खेलती भी हैं। उन्होंने छात्राओं को दिनचर्या में पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी स्थान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा स्वस्थ्य शरीर और स्वस्थ्य मन के लिये पढ़ाई के साथ-साथ खेलना और मस्ती करना भी जरूरी है। कलेक्टर श्री सुमन ने छात्राओं से संवाद के दौरान उनकी समस्यायें भी पूछी। छात्राओं की हिचकिचाहट को देख उन्होंने कहा यदि वे समस्या नहीं बतायेंगी तो उन्हें दूर कैसे किया जा सकेगा। इसलिए खुलकर अपनी समस्या उनके सामने रखें। सहज और सरल लहजे में पूछे गये इस प्रश्न के जबाब में छात्राओं ने पानी की कमी को प्रमुख समस्या बताया। छात्राओं ने कहा कि छात्रावास में सुबह पानी आता है लेकिन दिनभर के लिए पर्याप्त नहीं होता। कलेक्टर ने इस समस्या को दूर करने के लिये अधिकारियों को स्थाई समाधान होने तक छात्रावास में टेंकर से पानी की आपूर्ति करने के निर्देश दिये। ज्ञात हो कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास कुंडम में कक्षा छठवीं से आठवीं तक की करीब 150 बालिकायें रह रही हैं। स्कूल के अलावा छात्राओं को यहां पढ़ाने अतिथि शिक्षक भी नियुक्त किये गये हैं।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कुंडम प्रवास के मद्देनजर कलेक्टर, एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के 15 फरवरी को प्रस्तावित प्रवास के मद्देनजर कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने कुंडम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत की सीईओ डॉ. सलोनी सिडाना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कुंडम प्रवास के मद्देनजर हेलीपेड स्थल एवं सभा स्थल का भ्रमण किया तथा अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों की बैठक भी ली तथा मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रवास को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियों को समय रहते पूरी कर लेने की हिदायत दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान कुंडम के 15 फरवरी के प्रस्तावित प्रवास के दौरान विकास यात्रा में शामिल होंगे तथा जनसभा को संबोधित कर सकते हैं।

# सेवानिवृत्त होने वाले कचरा गेट नहीं मुख्य द्वार से जाएंगे

### 120वर्ष पुरानी परंपरा फिर कायम, विरोध पर जीसीएफ प्रबंधन झुका

**जीसीएफ में कचरा गेट से जाएंगे सेवानिवृत्त होने वाले**

120 वर्षों की परंपरा के समाप्त होने से कर्मचारी नाराज

जबलपुर यशभारत। जीसीएफ में अब सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी अधिकारी अपनी सेवा के अंतिम दिन ईस्ट गेट जिसे कचरा गेट भी कहा जाता है, शाम इसी गेट से अपने घर जाएंगे। अंतिम दिन कर्मचारी के परिजन और मित्र उन्हें लेने आयेंगे वे ईस्ट गेट से ही सौ मीटर दूर उनका स्वागत कर सकेंगे और अपने साथ घर लेकर जाएंगे। यह व्यवस्था इसी फरवरी माह से लागू की ग... है। इस आशय के आदेश प्रबंधन की ओर से 10 फरवरी को जारी क... दिया है। इस आदेश से सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों के साथ... साथ आम कर्मचारियों में भी आक्रोश है। प्रबंधन का कहना है कि प्रतिमाह सेवानिवृत्त होने वाले अधिकांश अधिकारी / कर्मचारी निर्माणी से जाने के लिये निर्माणी के मुख्य द्वार को उपयोग में लाते हैं। इन सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को ले जाने हेतु उनके परिवारजन भारी मात्रा में बैंड-बाजे एवं आतिशबाजी के ... हो जाते हैं। कई बार कुछ परिवारजन ... आ जाते हैं एवं आतिशबाजी करते हैं। ...गुल होता है। जिससे मुख्य द्वार पर ...। सड़क पर यातायात बाधित होता ... है कि अब सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी / कर्मचारी निर्माणी के विद्यानगर द्वार से बाहर जायेंगे। जीसीएफ श्रमिक संघ का कहना है कि निर्माणी में 120वर्ष से मुख्य द्वार से सेवानिवृत्ति होती आ रही। पूर्व में एक ही द्वार होता था तथा कर्मचारियों की संख्या भी वर्तमान से पांच गुना अधिक थी। सेवानिवृत्ति भी कई गुना ज्यादा होती थी लेकिन उस समय कोई व्यवधान नहीं होता था। विद्या नगर गेट से आवागमन नहीं होता था यह कचरा गेट कहलाता था। क्योंकि निर्माणी का कचरा वहीं से बाहर जाता था। अब न उतने कर्मचारी हैं न ही उतनी सेवा निवृत्ति होती इसके बाद भी कर्मचारियों पर जबरन ...

यश भारत
खबर का असर



**जबलपुर यशभारत। नगर के सबसे पुराने रक्षा संस्थान जीसीएफ से आगामी28फरवरी को सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारी पहले के कचरा गेट यानि पश्चिमी गेट से नहीं अब पूर्व की भांति मुख्य द्वार से ससम्मान विदा होकर अपने घर जायेंगे। वर्क्स कमेटी के साथ सभी यूनियनों के तगड़े विरोध के कारण जीसीएफ प्रबंधन ने कतिपय संशोधन के साथ मुख्य द्वार से सेवा निवृत्ति की अनुमति दे दी है। उल्लेखनीय है कि विगत10फरवरी को सुरक्षा अधिकारी की अनुशंसा पर मुख्य द्वार से माह के अंतिम दिन सेवानिवृत्त होने वालों को पश्चिमी गेट से जाने की अधिसूचना जारी की थी। जिस पर वर्क्स कमेटी के साथ श्रमिक यूनियन इंटक यूनियन और मजदूर संघ ने विरोध जताया है। जबरदस्त विरोध के चलते प्रबंधन ने कल13फरवरी को पुराने आदेश को निरस्त कर नया संशोधित आदेश जारी कर दिया है। जिससे120वर्ष पुरानी परंपरा फिर कायम रखते हुए अब सेवानिवृत्तियां मुख्य द्वार से होंगी।**

### क्यों कहते हैं कचरा गेट ?

दरअसल निर्माणी की स्थापना के साथ एक ही गेट मुख्य द्वार हुआ करता था। जिससे अधिकारी आते जाते हैं। मुख्य द्वार के बाजू में टिकट आफिस था जहां से औद्योगिक कर्मचारी आते जाते आगे रेल गेट था जो अब बंद हो गया है। उसके आगे लक?ी बुरादा निकालने वाला गेट था जो अब पूर्वी गेट कहलाता है। इसी तरह विद्या नगर वाले गेट से कचरा निस्तारण होने से कचरा गेट कहलाता था। चार दशक पूर्व बदलाव के बाद वोअब पश्चिमी गेट कहलाता है। लेकिन पुराने पूर्व कर्मचारी आज भी पश्चिमी गेट को बोलचाल में कचरा गेट बोलते हैं। सेवा निवृत्त होने वालों की भावना ये है कि वे जिस गेट से नियुक्ति पाकर पहले दिन ड्यूटी गये थे। सेवानिवृति के दिन भी उसी गेट से गरिमा के साथ अपने घर जायें। बहरहाल प्रबंधन ने सबकी भावना के अनुरूप पुरानी परंपरा कायम कर दी है।

# कलेक्टर ने कराया एक दिन में नगर निगम के अत्याधुनिक दमकल का रजिस्ट्रेशन

### करीब तीन माह से नहीं हो पा रहा था पंजीयन

**जबलपुर यशभारत।** नगर निगम द्वारा बहुमंजिला इमारतों में आग लगने की घटनाओं पर काबू पाने और बचाव कार्य के लिये खरीदे गये अत्याधुनिक दमकल (अग्निशमन वाहन) का पंजीयन कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन द्वारा एक्शिन लिये जाने पर एक दिन में हो गया है। पंजीयन न हो पाने की वजह से इस अत्याधुनिक दमकल टर्न टेबल लैडर का तीन माह से इस्तेमाल न हो पाने संबंधी प्रकाशित समाचार पर संज्ञान लेते हुये कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने आज सोमवार की सुबह समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। अपनी तरह का प्रदेश और सम्भवत~ देश का पहला होने की वजह से ई-सारथी सॉफ्टवेयर में इस अग्निशमन वाहन के बारे में डिटेल उपलब्ध न होने के कारण पंजीयन में आ रही कठिनाईयों की क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा जानकारी दिये जाने पर कलेक्टर श्री सुमन ने एनआईसी के प्रभारी अधिकारी आशीष शुक्ला को उच्च स्तर पर समन्वय स्थापित कर शीघ्र इसका निराकरण करने कहा। कलेक्टर द्वारा की गई इस पहल का शाम होने तक सार्थक परिणाम भी दिखाई दिया और दमकल को रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इस अत्याधुनिक दमकल को एम पी 20 जेड डी 2664 रजिस्ट्रेशन नम्बर दिया गया है। इस अग्निशमन वाहन का अब नगर निगम आग लगने की घटनाओं पर काबू पाने उपयोग कर सकेगा।

# फिर बढ़ी सर्दी, दो दिन रहेगा ऐसा ही मौसम



**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में ठंड से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। छह किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चली उत्तरी-पश्चिमी ठंडी हवाएं लोगों को दिन भर सिहराती रहीं। वापस लौटी ठंड से लोग एक बार फिर गर्म कपड़ों में नजर आए। अब अगले 2 दिन सर्दी वाले रहेंगे। उत्तरी भारत में बर्फबारी की वजह से मौसम में ठंडक घुल गई है। इससे तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट होगी। एवरेज 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं भी चल सकती है। महाशिवरात्रि तक मौसम ऐसा ही रहने का अनुमान है, क्योंकि 15 फरवरी के बाद पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है। जिसका असर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में देखने को मिलेगी। अगले दो दिन तक पारे में गिरावट होगी। इससे दिन और रात दोनों ही पारे कम हो जाएंगे।

#### वातावरण में घुली ठंडक

मंगलवार को सुबह से ही वातावरण में ठंडक घुली रही। धूप तो निकली ठंडी हवा के आगे असर कम रहा। सुबह से शाम तक ठंड का असर बना रहता है और जैसे ही रात हुई बर्फीली हवा लोगों को ठिठुराने लगती हैं। मौसम के बदलते मिजाज से दोबारा लौटी सर्दी से बच्चे और बुजुर्ग प्रभावित दिखे। सर्दी-जुकाम की शिकायत भी बढ़ गई है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी से जबलपुर का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 3.0 डिग्री तक लुढ़क गया। वहीं अधिकतम तापमान भी में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 27.5 से कम होकर 26.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री से 3.0 डिग्री सेल्सियस कम होकर 9.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम वैज्ञानियों के अनुसार अगले 24 घंटे घंटे मौसम शुष्क रहेगा, तापमान में आंशिक गिरावट आ सकती है। इसके बाद तापमान बढ़ने लगेगा और फरवरी के आखिरी हफ्ते से गर्मी का असर बढ़ जाएगा।

# शिव महापुराण संगीतमय सप्ताह ज्ञान यज्ञ शुरू



**जबलपुर, यशभारत।** सार्वजनिक शिव महापुराण संगीतमय सप्ताह ज्ञान यज्ञ का श्री गणेश शोभायात्रा से हुआ। श्रीराम मैरिज गार्डन से शोभायात्रा प्रारंभ हुई क्षेत्र का भ्रमण कर कथा स्थल पर समाप्त हुई जिसमें सभी भक्तगण शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। शोभायात्रा में त श्रीमती प्रभा यादव श्रीमती मंजू यादव अजय चौबे दीपक राय राजेश खत्री शिवमणि मिश्रा इंद्रमणि तिवारी राकेश सिंह रोहित ठाकुर दीपक शर्मा मनोज सेन वीरेंद्र त्रिपाठी सुधा बिछा लिया नेहा ठाकुर राजकुमारी त्रिपाठी नम्रता शर्मा कविता झारिया रागिनी ठाकुर एवं शोभायात्रा में क्षेत्र की हजारों महिलाएं एवं भक्तगण सम्मिलित हुए।

कर्मचारी जगत

सरकार पर भारी अफसर शाही।

# सरकारी आदेश को ठेंगा दिखा रहे अफसर

जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला संरक्षक योगेंद्र दुबे, जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है कि सरकार ने जनवरी 2023 से काचरियों को चार प्रतिसत महगाई भत्ता देने के आदेश जारी कर दिए है लेकिन जबलपुर के अधिकांस कार्यालयों में आज दिनांक तक एरियर्स का भुगतान नहीं किया गया है। शासन के आदेश का पालन ना करने वाले अफसरों की कमी नहीं है। अफसर सरकारी आदेश को ठेंगा दिखा रहे है। कर्मचारियों को प्रति माह 15 सौ से 2 हजार रुपए माह का लाभ होना है एरियर्स ना मिलने से कर्मचारियों को हजारों रुपए माह की हानि हो रही है। कर्मचारियों को लाभ ना देकर अधिकारी कर्मचारियों को सरकार विरोधी बना रहे है। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, नरेश शुक्ला, संजय गुजराल, आशुतोष तिवारी, योगेंद्र मिश्रा, बृजेश मिश्रा, अर्जुन सोमवंशी, सुरेंद्र जैन, दुर्गेश पाण्डे, संदीप नेमा, गोविंद विल्थरे, रवि बांगड़ ने मध्यप्रदेश शासन के आदेश को ना मानने वाले अफसरशाही में मदहोश अफसरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए जल्द भुगतान किए जाने की मांग की है।

### कोषालयीन सॉफ्टवेयर में ई-साईन बनी परेशानी

मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने बताया कि वित्त विभाग द्वारा बिना योजना के कोषालयीन सॉफ्टवेयर पर ई-मुद्रा से लिंक कर ई-साईन प्रक्रिया का प्रारंभ किया गया है परंतु यह देखा जा रहा है कि स्वान कनेक्शन पर तो आसानी से ई-साईन प्रक्रिया का संपादन हो रहा है लेकिन जहां व्ही.पी.एन कनेक्शन, जो कि बी.एस.एन.एल द्वारा संचालित है में ई-मुद्रा साफटवेयर का एक्सेस नहीं होने से देयक एप्रूव नहीं हो पा रहे हैं तथा लिपिकों/कम्प्यूटर आपरेटरों को यहां-वहां बिल एप्रूव करने के लिए भटकना पड़ रहा है। संघ ने आगे बताया कि ई-साईन कर्मचारियों के लिए रोड़ा बनते नजर आ रहा है। अतः कार्यालयों में शीघ्र स्वान कनेक्शनों की व्यवस्था की जाए अथवा बी.एस.एन.एल व्ही.पी.एन कनेक्शन में ई-मुद्रा साईट एक्सेस किए जाने की सुविधा उपलब्ध करायी जाए। संगठन के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, हेमन्त ठाकरे, स्टेनली नॉर बट, धनराज पिल्ले, गुडविन चार्ल्स, एनोस विक्टर, सुधीर अवधिया, एस.बी.रजक, आर.पी.खनाल, अजय मिश्रा, आदि ने कलेक्टर जबलपुर से मांग की है कि उक्त संबध में शीघ्र कार्यवाही कर कर्मचारियों एवं डी.डी.ओ को आ रही समस्याओं से मुक्त कराने का कष्ट करें।

### क्रमोन्नति के इंतजार में अध्यापक

म.प्र. अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त महामोर्चा के प्रदेश संरक्षक योगेन्द्र दुबे एवं जिला अध्यक्ष मनोज सेन ने जारी विज्ञप्ति में बताया, कि शासन के नियमानुसार शिक्षकों को 12 वर्ष की सेवाओं के बाद प्रथम क्रमोन्नति तथा 24 वर्ष की सेवा के बाद द्वितीय क्रमोन्नति प्राप्त होती है, परन्तु द्विअर्थी आदेशों के कारण जिला शिक्षा अधिकारी क्रमोन्नति सूची जारी करने से बच रहे हैं, जिसके कारण 1 जुलाई 2018 को या उसके बाद अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों को 12 वर्ष पूरा होने के बाद भी आज तक क्रमोन्नति प्राप्त नहीं हो सकी है। ठीक इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी की उदासीनता के कारण 1998 में नियुक्त अध्यापक संवर्ग के द्वितीय क्रमोन्नति के प्रस्ताव भी आज तक संकुल प्राचार्यों से नहीं मांगे, जिससे अध्यापक संवर्ग को आर्थिक नुकसान हो रहा है। संघ के योगेन्द्र दुबे, मनोज सेन, सुनील राय, मनीष चौबे, हर्षमनोज दुबे, श्यामसुन्दर तिवारी, हरिसिंह राजपूत, संजय पाण्डेय, अरविन्द तिवारी, अवधेश यादव, प्रदीप सेन, विनय नामदेव, कृष्णकान्त यादव, नितिन शर्मा, प्रियांशु शुक्ला, पवन ताम्रकार, सुरेन्द्र झारिया, धीरेन्द्र सोनी, मो. तारिक, कृष्ण कुमार प्रजापति आदि ने इस विषय में मान. शिक्षा मंत्री स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र. शासन द्वारा हस्तक्षेप करने की मांग की है।

### मोटे अनाज के उत्पादन एवं व्यवसाय पर रोजगारोन्मुखी कार्यशाला एवं प्रशिक्षण

# स्वास्थ्य के लिए मिलेट्स रामबाण : डॉ. अभिषेक शुक्ला



**जबलपुर, यशभारत।** शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना द्वारा आयोजित एवं विश्व बैंक परियोजना (रुसा) द्वारा प्रायोजित श्री अन्न महोत्सव (मिलेट) 2023 के अंतर्गत च्मोटे अनाज के उत्पादन एवं व्यवसायज्ज पर 05 दिवसीय रोजगारोन्मुखी कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का उद्घाटन करते हुये मुख्यअतिथि डॉ. अभिषेक शुक्ला, डीन, जवाहरलाल नेहरू विष्वविद्यालय, जबलपुर ने (मिलेट्स) मोटे अनाज की उत्पादन एवं उत्पाद को लेकर विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि मोटे अनाज को लेकर इस समय युवाओं में विशेष आकर्षण है और इसके कई स्टार्टअप प्रारंभ हुये है। इस क्षेत्र में युवाओं के कॅरियर की अनेक संभावनायें है। स्वास्थ्य के लिए मिलेट्स रामबाण है। विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध डाइटिशियन डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी ने मोटे अनाज को लेकर अपने वक्तव्य में कहा कि अनाज ही औषधि है, इसके व्यंजन युवाओं के स्वाद के अनुरुप तैयार किये जा रहे है। मोटे अनाजों में ज्वार, बाजरा, जौ, कोदो, रागी, कुटकी, कंगनी आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.ए.सी. तिवारी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय समन्वयक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्षन योजना, जबलपुर संभाग ने कहा कि 13 फरवरी से लेकर 17 फरवरी तक विद्यार्थियों को मिलेटस के व्यंजनों एवं उनकी पोशक तत्वों से विद्यार्थियों कार्यशाला के माध्यम से परिचित कराया जायेगा एवं मिलेटस की विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर डॉ.एस.पी.सनसेर, संभागीय समन्वयक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्षन योजना, छिंदवाड़ा संभाग उपस्थित रहे। उक्त कार्यशाला एवं प्रशिक्षण में महाविद्यालय के 60 विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराया।

# राष्ट्रीय जूडो स्पर्धा में नगर के 4 जूडोका



**जबलपुर, यशभारत।** विगत दिनों इंदौर में संपन्न हुई राज्य स्तरीय सब जूनियर व केटेड जूडो चयन स्पर्धा में जबलपुर के चार होनहार जूडो खिलाड़ियों का चेन्नई में 17 से 21 फरवरी 2023 तक भारतीय जूडो महासंघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिला जूडो संघ के अध्यक्ष रवि गुप्ता, सचिव व कोच आबिद हुसैन खान ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय जूडो स्पर्धा के लिए चयनित नगर के प्रतिभावान जूडो खिलाड़ी सब जूनियर वर्ग में वैष्णवी तिवारी, चेतना परिहार व अच्युत अवस्थी तथा कैडेट वर्ग में सारका अंजुम का चयन हुआ है। यह सभी खिलाड़ी आज श्रीधाम एक्सप्रेस से भोपाल के लिए रवाना होंगे जहां से जीटी एक्सप्रेस से चेन्नई के लिए रवाना होंगे खिलाड़ियों की सफलता पर मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के दिग्विजय सिंह जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे क्रीडा भारती के भीष्म सिंह राजपूत, उमाशंकर पटेल, अजय कुमार तिवारी, आरके मिश्रा, एडवोकेट अताउर रहमान अंसारी, मनीष श्रीवास्तव, रोहित कोस्टा, ज्ञान भूषण दुबे, सैयद फैजान, निसार आलम आदि ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

# कोष्टा समाज का 15वां परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न



**जबलपुर, यशभारत।** कोष्टा समाज विकास समिति द्वारा 15वां प्रदेशस्तरीय युवक-युवी परिचय सम्मेलन, वैवाहिक पत्रिका विकास-यात्रा का विमोचन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कृषि उपज मण्डी परिसर दीनदयाल चौक जबलपुर में मुख्य अतिथि अभिषेक कोष्टा असिस्टेंट प्रोफेसर जबलपुर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रीमती संगीता राजेश बर्वे, सौंसर, इंजी. गजाधर प्रसाद कोष्टा, डॉ. नरेन्द्र कोष्टी, जगतबहादुर सिंह अन्नू महापौर, सी.ए. अखिलेश जैन प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा एवं राकेश गढ़ेवाल अध्यक्ष के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि अभिषेक कोष्टा ने उद्बोधन में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज समाज देश की मुख्य धारा से जुड़कर शिक्षा, राजनीति और समाज सेवा के क्षेत्र में कदम मिलाकर प्रगति की राह पर चल रहा है। विशिष्ट अतिथि श्रीमती डॉ. संगीता राजेश बर्वे ने कहा महिलाओं को भी अपने परिवार के कामों के साथ-साथ कुछ रोजगार का कार्य भी करना चाहिए जिससे परिवार में आर्थिक मदद मिलती है, अध्यक्ष राकेश गढ़ेवाल ने समिति के कार्यों का ब्यौरा रखा। विकास समिति के द्वारा किये जा रहे कार्य समाज के लिए एक मील के पत्थर के समान है। विकास यात्रा पत्रिका के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को लाभ प्राप्त हो रहा है तथा प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उनका गौरव एवं मनोबल बढ़ाया बहुत ही श्रेष्ठ कार्य है। जगतबहादुर सिंह अन्नू महापौर ने कहा शादी-विवाह में लेन-देन का कार्य नहीं होता है और विकास समिति के द्वारा परिचय सम्मेलन के आयोजन होने से युवक-युवतियों को मनचाहा जीवन साथी पसंद करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है कोष्टा समाज के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है। परिचय सम्मेलन की बेला में म.प्र. के सभी जिलों एवं अन्य राज्यों से पधारें लगभग 150 युवक-युवतियों ने मंच से अपना एवं अपने परिवार का बखूबी परिचय दिया। प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के 50 प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।



# उमरा पे रवानगी

**जबलपुर, यशभारत।** इस्लाम के पवित्र धार्मिक स्थल सऊदी अरब स्थित मक्का मदीना के लिए जत्था रवाना हुआ। जिसमे आनंद नगर निवासी श्रीमती हमीदा खान जी भी गरीब रथ से रवाना हुई।

# हादसों से सबक : खजरी खिरिया बायपास में अंडर या ओव्हर ब्रिज को लेकर मंथन

## एनएचएआई, एसडीएम सहित पुलिस के पदेन अधिकारियों की दो दिन बाद बैठक में होगा फैसला



**जबलपुर, यशभारत।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 रीवा-नागपुर हाईवे में ब्लेकस्पॉट बने खजरी-खिरिया में आए दिन दुर्घटनाओं से सड़क खून से सन रही है। कल दोपहर भी एक तेज़ रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रौंद दिया, घटना में पिता और बेटे की जहां मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया , वही स्थानीय लोगों ने घटना से नाराज हाईवे में जाम लगा दिया था। जिसके बाद अब एनएचएआई, एसडीएम सहित पुलिस के पदेन अधिकारियों की दो दिन बाद बैठक है। जिसमें सभी अधिकारी ब्लेक स्पॉट से निपटने वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर मंथन करेंगे। सीएसपी तुषार सिंग ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि उक्त घटना में किस की गलती है, यह फिलहाल स्पस्ट नहीं हो सका है। क्योंकि मौके पर कोई सीसीटीव्ही फुटेज उपलब्ध नहीं हो सका है। फिलहाल खजिरि खिरिया ब्लेक स्पॉट घोषित है। जब तक यहां ओव्हर या अंडर ब्रिज नहीं बन जाता तब तक वैकल्पिक व्यवस्थाएं की जाएंगी। जिसको लेकर दो दिन बाद बैठक रखी गई है। जिसमें पुलिस के पदेन अधिकारियों समेत एनएचएआई के अधिकारी और एसडीएम ऋषभ जैन भी मौजूद रहेंगे।

# उत्तरप्रदेश की 14 वर्षीय किशोरी के साथ जबलपुर में दुष्कर्म

## किराना दुकान गयी थी खरीदारी करने, रास्ते में बहलाकर ले गया खंडहर



**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल थाना अंतर्गत जौनपुर के उत्तर प्रदेश की 14 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता अपने परिजनों के साथ जबलपुर में सब्जी भाजी का ठेला लगाती है। वह जब किराना दुकान सामान लेने जा रही थी, तभी आरोपी रास्ते में मिला और बाइक में घुमाने के लिए महाराजपुर ले गया। जहां एक खंडहर में उसके साथ जबरदस्ती की। यह बात जब उसने परिजनों को बताई तो तत्काल परिजन अपनी बेटी को लेकर थाने पहुंचे। जहां मुस्तैद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए प्रकरण दर्ज कर, आरोपी को दबोच लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के जौनपुर में रहने वाली पीड़िता ने बताया कि वह माता पिता के साथ जबलपुर में रह रही है। माता-पिता सब्जी भाजी का ठेला लगाकर जीवन यापन करते है, वह उनका सहयोग करती है। वहीं रहने वाले युवक से उसका परिचय हो गया था। जिसके चलते वह विगत दिवस किराना दुकान से सामान खरीदने गयी हुई थी। तभी रास्ते में युवक मिल गया।

### बाइक में घुमाने के बहाने ले गया था आरोपी

पुलिस ने बताया कि पीड़िता के अनुसार युवक बीच रास्ते रोककर उसे बहलाकर किराना दुकान से सीधे बाइक में बैठाकर महाराजपुर ले गया और वहां एक खंडहरनुमा मकान में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती की। पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया है।

# पुरानी रंजिश पर युवक पर ताबड़तोड़ चाकु से किया हमला

## पीड़ित को जख्मी हालत में छोड़कर आरोपी फरार



**जबलपुर, यशभारत।** थाना बेलबाग अंतर्गत पुरानी रंजिश के चलते दो आरोपियों ने पहले तो पीड़ित युवक से जमकर गालीगलौच की और फिर चाकू से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। जब इतने से भी उनका मन नहीं भरा तो पंच मारकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि साहिल सोनकर 19 वर्ष निवासी खटीक मोहल्ला ने बताया कि वह चिराग सोनकर के साथ भानतलैया में खड़े होकर बातचीत कर रहा था । तभी चिराग सोनकर उससे गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना कि तो चिराग ने चाकू से उस पर हमला कर घायल कर दिया। उसी समय सूरज चौधरी आया तो चिराग ने सूरज के माथे पर पंच मारकर आंख के पास चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

# मप्र पंचायत सचिव संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को लेकर विभाग सख्त

## सहायक पंजीयक को पत्र लिखकर कहा कार्रवाई करें



**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश सचिव संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रहे दिनेश शर्मा की गतिविधियों को लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सख्त हो गया है। विभाग के संचालक सह आयुक्त अमर पाल सिंह ने सहायक पंजीयक मप्र सहकारी संस्था को एक पत्र भेजकर कहा कि पंचायत सचिव के पद से बर्खास्त होने के बाबजूद दिनेश शर्मा खुद को पंचायत सचिव संगठन का प्रदेश अध्यक्ष बताते हैं और लोगों को गुमराह कर रहे हैं। श्री सिंह ने सहकारी संस्था मप्र से दिनेश शर्मा के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि साल 2020 में दिनेश शर्मा को सचिव पद से बर्खास्त कर दिया गया था इसके बाद से श्री शर्मा लगातार संगठन में सक्रिय रूप से जुड़े रहे जिसकी एक शिकायत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को पहुंची। शिकायत को आधार बनाकर विभागीय सह आयुक्त ने सहकारी संस्था मप्र को पत्र भेजकर श्री शर्मा के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा।

### मई 2022 में ईओडब्ल्यू ने की थी कार्रवाई

आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो ने मई 2022 में दिनेश शर्मा के भोपाल, इंदौर और मंदसौर के 5 ठिकानों पर आय से अधिक संपति के मामले में छापे मारे थे। बताया जा रहा है कि दिनेश शर्मा के ख़िलाफ़ पूर्व में 9 प्रकरण दर्ज हो चुके हैं और जिला बदर भी किया जा चुका है। दिसंबर 2020 में पंचायत सचिव के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

# कोरोना काल में बाधित ट्रेनों का परिचालन हो प्रारम्भ : सांसद ने सौंपा मांग पत्र

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भेड़ाघाट, गोसलपुर, देवरी और डुंडी स्टेशनों में कोरोना काल के समय बाधित हुए ट्रेनों के पुनः ठहराव एवँ परिचालन हेतु सांसद श्री राकेश सिंह ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से दिल्ली में भेंट कर मांग पत्र सौंपा। सांसद श्री सिंह ने पत्र के माध्यम से रेल मंत्री से आग्रह किया कि जबलपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों में कोरोना काल के समय विभिन्न ट्रेनों का परिचालन और ठहराव बाधित हो गया था जिसमे से कई ट्रेनों का परिचालन आपके सहयोग से पुनः होने लगा है किन्तु कुछ ट्रेनों जिनमे भे?घाट स्टेशन में विंध्याचल एक्सप्रेस, गोसलपुर स्टेशन में नर्मदा एक्सप्रेस, जबलपुर-रीवा इंटरसिटी, विंध्याचल, देवरी स्टेशन में नर्मदा, जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी, विंध्याचल एक्सप्रेस एवँ डुंडी स्टेशन में जबलपुर-रीवा इंटरसिटी, नर्मदा व विंध्याचल एक्सप्रेस का ठहराव नही हो रहा है। साँसद श्री सिंह ने रेल मंत्री से कहा आपसे आग्रह है कि इस संदर्भ में कार्यवाही करते हुए उक्त स्टेशनों में इन ट्रेनों का ठहराव पुनः हो सके इस हेतू जबलपुर रेल मंडल को आदेशित करे ताकि क्षेत्र की जनता रेल यातायात की सुविधा का उपयोग कर सके। सांसद राकेश सिंह ने रेल मंत्री से भेंट के दौरान उन्हें केंद्रीय बजट में रेल यातायात की दृष्टि से ऐतेहासिक प्रावधान करने के लिए आभार व्यक्त किया।

# हनुमानताल मस्जिद के पास चले चाकू

## युवक को दबोचकर किए ताबड़तोड़ वार, आरोपी फरार

**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल थाना अंतर्गत नूरानी मस्जिद के पास देर रात आपसी रंजिश भुनने आरोपी ने युवक के ऊपर चाकू से प्राणघातक हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। जिसके बाद आनन फानन में युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, आरोपी को तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि शाहबुद्दीन पिता मोह आबेद 40 वर्ष ने बताया कि



वह ठक्कर ग्राम का निवासी है। जब वह मस्जिद के पास खड़ा था उसी समय समीर अंसारी आया और गालीगलौच करने लगा। उसने गालियां देने से मना किया तो आरोपी ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शिवमहापुराण कथा सुनने से कल्याण होता है: अशोकानंद जी





**जबलपुर, यशभारत।** केन्ट विधानसभा अंतर्गत रांझी क्षेत्र में गुरूजनों के आशीर्वाद व परम श्रद्धेय स्व. दादा ईश्वरदास रोहाणी एवं कोरोना काल में हम सब ने जिनको खोया हैं, उन सभी दिवगंत आत्माओं की स्मृति में श्रीमद शिव महापुराण कथा श्री शिव पंचकुण्डीय महायज्ञ एवं असंख्य रूद्री (शिवलिंग) निर्माण का आयोजन सरस्वती मंदिर बड़ा पत्थर रांझी जबलपुर में किया जा रहा है। कथा व्यास अशोकानंद ने कहा कि शिवमहापुराण कथा सुनने से मानव जीवन का कल्याण होता है। यज्ञ में प्रतिदिन शिवलिंग निर्माण एवं यज्ञ, भण्डारा, उपरांत श्रीमद् शिव महापुराण कथा का श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालू उमड़ रहे हैं। कथा प्रवक्ता आचार्य स्वामी अशोकानंद ज महाराज के सानिध्य एवं पं. दीपक शर्मा पं. महेश दत्त शास्त्री, पं. हरिनारायण मिश्रा , डॉ. प्रत्युशल महाराज, आ. प. अशुतोष द्विवेदी जी पं. चंदन मिश्रा जी के मार्गदर्शन में धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से स्वामी पगलानंद महाराज, ज्ञानेश्वरी दीदी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ज्ञानेशरी दीदी ने बच्चों को एवं सभी को नशामुक्ति का संकल्प दिलवाया। केन्ट विधायक अशोक रोहाणी, रिन्कु विज, सचिन जैन सहारा, दामोदर सोनी, अनुराग दाहिया, सर्वेश मिश्रा, निशांत झारिया, सोनू बचवानी, श्रीमती संतोषी ठाकुर, श्रीमति सवित्री शाह, अंकित फासिंस उपस्थित रहे।

# धारा 144 की उड़ रही धज्जियां

**जबलपुर, यशभारत।** एक ओर जहां कलेक्टर ने शहर में धारा 144 लागू की है, जिसमें चार से अधिक लोगो का जमावड़ा कही भी सार्वजनिक जगह नहीं लग सकता और ना ही कोई कार्यक्रम हो सकते हैं, वहीं दूसरी ओर देखने में यह आ रहा है



कि सत्ताधारी पार्टी द्वारा धारा 144 का उल्लंघन करते हुए निरन्तर कार्यक्रम किये जा रहे है ,जो कि साफ साफ 144 का उलंघन है ,जिसे लेकर मध्य भारत मोर्चा ने इस पर आपत्ति जताई है, मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है, की धारा 144 सिर्फ शहर के आम नागरिकों के लिए ही लगाई है और इसका असर कोई सत्ताधारी पार्टी या किसी नेता पर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है,उनके कार्यक्रम निरंतर चल रहे है, प्रशासन आंख खोले हुए भी अपनी नजरें इन पर से फेरे हुए है क्योंकि कोई भी कार्रवाही अभी तक इन पर नहीं हुई अगर ऐसा ही चलता रहा तो हम भी सड़क पर उतर कर इस कार्यप्रणाली का विरोध करेंगे।



# पावरलिफ्टिंग एवं बेंच प्रेस प्रतियोगिता आयोजित

**जबलपुर,यशभारत।** जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग एवं बेंच प्रतियोगिता हुई संपन्न मध्यप्रदेश जागरूक खेल संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया की पावरलिफ्टिंग एवं बेंच प्रेस प्रतियोगिता मुख्य अतिथि जगत बहादुर सिंह एवं पावरलिफ्टिंग डिस्ट्रिक्ट पावरलिफ्टिंग के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल , संतोष अग्रवाल एवं कामगार इना के सभी पदाधिकारियों और डिस्ट्रिक्ट पावरलिफ्टिंग के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई . प्रतियोगिता को संपन्न कराने में डब्ल्यू लाल, ललित चौहान, जगदीश रजक, भगवानदास , मानसिंह, मनोहर कोहली , भूषण चौधरी, दीनू स्वामी , लॉरेंस मार्टिन, राकेश श्रीवास की उपस्थिति सराहनीय रही।

**रोजगार प्रशिक्षण**
क्या आप रोजगार चाहते हैं
आईये ! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें
कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है
register nline@
https://www.grow.org.in
90099-85689

**Jabalpur Municipal Corporation, Jabalpur**
**Notice Inviting E-Tender (1st Call)**
NIT No. : JMC/Garden/2022-23/PRO/728 Date : 13.02.2023
Jabalpur Municipal Corporation (Garden Department) invites tender for the "Development work of Shubh Parisar Garden at Ward No. 15 Madan Mahal Ward". Detail of tender's can be obtained/ download from our website - https://www.mptenders.gov.in
**Executive Engineer (Garden)**
**Jabalpur Municipal Corporation (M.P.)**

# माईनेशन माई वेलेंटाइन का आयोजन आज

**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जबलपुर महानगर द्वारा पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं अपने देश के प्रति युवाओं की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रम माई नेशन माई वेलेंटाइन का आयोजन भवरताल उद्यान में दोपहर 3.00 बजे से किया जा रहा है। देश के वीर सपूतों को समर्पित इस कार्यक्रम में देश भक्ति से ओत प्रोत गीतों की प्रस्तुति जबलपुर के प्रसिद्ध बैंड द्वारा दी जाएगी। इस कार्यक्रम में सांसद राकेश सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रभात साहू समेत पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# आशुतोष बने जबलपुर युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के जिला समन्वयक

**जबलपुर, यशभारत।** आशुतोष दुबे को मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस मीडिया



विभाग के अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी ने जिला समन्वयक के पद पर नियुक्ति किया । उनकी नियुक्ति पर श्री निवास ,सुरेंद्र रैकवार ,धर्मेंद्र राय ,विक्रांत भूरिया ,विवेक त्रिपाठी, जितिन राज ने हर्ष व्यक्त किया।

# घनी बस्तियों में बेखौफ संचालित है जानलेवा कारखाने

## क्षेत्रीयजनों ने महापौर को शिकायत सौंपकर बताई हकीकत



**जबलपुर, यशभारत।** मुस्लिम बाहुल्य घनी बस्ती रिहायशी इलाकों में अवैध गोदाम और कारखानों को हटाने को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने महापौर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने महापौर को गोदामों की वजह से शहर में हुई घटित हुई घटनाओं की सिलसिलेवार जानकारी दी।क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि मुस्लिम बाहुल्य घनी बस्ती रिहायशी इलाकों में अवैध ज्वलनशील गोदाम एवं कारखाने संचालित हो रहे है जिनकी वजह से अग्निकांड हो चुके हैं-

### पहली घटना

9 दिसंबर 2022 को मक्का नगर थाना हनुमानताल,स्तिथ माकिज़्ट के गोदाम एवं कारखाने में आग लगी थी जहां फनीज़्चर,प्लाईवुड और गैस एजेंसी संचालित होती थी जहां सैकड़ों लीटर थिनर और भरे हुये गैस सिलेंडर मौजूद थे जहां तक आग नहीं पहुंच सकी थी क्योंकि स्थानीय जागरूक लोगों ने अपनी जान जोखिम में डालकर सिलेंडरों को अलग कर दिया था।

### दूसरी घटना

24 जनवरी 2023 को फिर मक्का नगर थाना हनुमानताल में एक रुई, रजाई, गद्दे के गोदाम में आग लगी थी जिसमें कायज़्रत एक महिला और उसकी 5 वषीज़्य मासूम बेटी की मौत हो गयी थी। कुछ समय के अंदर दो कारखाने एवं गोदामों में आग लगने से महिला एवं मासूम बच्चे की मौत हो गयी इन घटनाओं से क्षेत्रीय जनता में ख़ौफ़ का माहौल है क्योंकि अभी भी ज्वलनशील पदार्थो के गोदाम और कारखाने संचालित हो रहे हैं

### जैसे

(1)प्लास्टिक के गोदाम,
(2) फर्नीचर के कारखाने जहां सैकड़ों लीटर थिनर एव फोम सीट भारी मात्रा में रहता है
(3) गैस सिलेंडर के गोदाम
(4) रूई के गोदाम
(5) पन्नी के गोदाम
(6) पुटठे के गोदाम

**गर्मी के मौसम आग लगने का खतरा ज्यादा रहता है।**

मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम एवं नियम (कारखानों एवं व्यापारों का नियमन) के अनुसार रिहायशी घनी बस्ती में कारखाने एवं गोदाम संचालित करने के लिये अनुमति अनिवार्य है महापौर को ज्ञापन दिया गया कि पुन- जानलेवा अग्नि दुर्घटना होने के पूर्व रिहायशी इलाकों से अवैध ज्वलनशील कारखानों एवं गोदाम को सील किया जाये और संचालकों पर सख्त कार्यवाही की जाए। इस मौके पर पार्षद अख्तर अंसारी, आसिफ इकबाल,रिजवान कोटि, हाजी बहार अंसारी,गुड्डु राईन, शेख रमज़ान, हामिद खान, तौफीक चंकी, सिकंदर खान, आज़ाद अंसारी, फ़िज्जु खान, राजू अफज़ल, अहसान अंसारी, मलिक अंसारी, अदनान,मो.शकील, सलीम बुड्ढ़े, फिरदौस अंसारी, अहसान, अमानत अंसारी, फरीद अंसारी, एम.एम.खान जानी एडवोकेट आदि मौजूद थे।



# कार्यालय नगर पालिका परिषद पनागर जिला जबलपुर मप्र

क्रमांक/640/राश/2022-23 पनागर दिनांक 13/2/2023

**इश्तहार सूचना**

**भवन/भूमि हकान्तरण सूचना वर्ष 2022-23**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर नवीन संपत्तियां कर निर्धारण की दृष्टि से दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जाना है। इस हेतु जारी दिनांक स 7 दिवस के अंदर आपत्तियों का आव्हान किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों एवं प्रमाण रहित आपत्तियां मान्य नहीं की जावेगी।

**सूचित हो**

| क्र | प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम | भवन/प्लाट | संपत्तिहस्तांतरण का माध्यम | हस्तान्तरिति का नाम एवं पूर्ण पता | हस्तांतरणकर्ता का नाम एवं पूर्ण पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 676 | जयप्रकाश वार्ड | भवन | शपथ पत्र, सहमति पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र | श्री शरद कुमार सोनी पिता श्री राजेन्द्र प्रसाद सोनी जयप्रकाश वार्ड पनागर | श्री राजेन्द्र प्रसाद सोनी पिता श्री प्रेमलाल सोनी जयप्रकाश वार्ड पनागर |
| 2 | 677 | गांधी वार्ड | भवन | ई पंजीकृत पत्र/आम डीड | श्रीमती चेना बाई प्रजापति पति पति श्री पृथ्वी लाल, श्री पृथ्वी लाल पिता श्री छिदामी लाल श्री मुन्ना लाल प्रजापति पिता श्री पृथ्वीलाल | श्री केशलाल, तीरथलाल, श्री चमन लाल प्रजापति पिता श्री पृथ्वीलाल श्रीमती चेना बाई पति पृथ्वी लाल गांधी वार्ड पनागर |
| 3 | 678 | विद्यासागर वार्ड | भवन | शपथ पत्र, सहमति पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र | श्री सुधीर साहू, श्री सुरेश कुमार साहू पिता श्री मन्नू लाल साहू विद्यासागर वार्ड | श्री मन्नु लाल साहू पिता श्रीदुलीचंद साहू विद्यासागर वार्ड |
| 4 | 679 | विद्यासगर वार्ड | भवन | शपथ पत्र, व्यवस्था पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र | श्रीमती आरती गुप्ता पति श्री बृजेश कुमार गुप्ता श्री दिव्यांश पिता श्री बृजेश, सुश्री कीर्ति गुप्ता पिता श्री पुरुषोत्तम लाल विद्यासागर वार्ड | श्री बृजेश कुमार गुप्ता पिता श्री पुरुषोत्तम लाल विद्यासागर वार्ड |
| 5 | 680 | जगमोहन वार्ड | भवन | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्री देवेन्द्र कुमार उपाध्याय पिता श्री बाबू राम उपाध्याय जगमोहन वार्ड | श्रीमती जनकदुलारी उपाध्याय पिता श्री स्व. बाबूराम उपाध्याय, श्री धर्मेश उपाध्याय पिता श्री रघुवीर उपाध्याय, श्रीमती निशा उपाध्याय पिता श्री स्व. शिवकुमार उपाध्याय जगमोहन वार्ड |
| 6 | 681 | जयप्रकाश वार्ड | भवन | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र | श्री गौरव सोनी पिता श्री गणेश प्रसाद सोनी जयप्रकाश वार्ड | श्री गणेश प्रसाद सराफ पिता श्री अच्छेलाल सराफ जयप्रकाश वार्ड |
| 7 | 682 | विवेकानंद वार्ड | भवन | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र | श्रीमती गीता बाई काछी पति श्री स्व रामभरोसे काछी, सरोज काछी, निशा काछी पिता श्री रामभरोसे काछी विवेकानंद वार्ड | श्री रामभरोसे काछी पिता श्री कपूरे काछी विवेकानंद वार्ड |
| 8 | 683 | जगमोहन वार्ड | भवन | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र | श्रीमती मुन्नी बाई कुशवाहा पति श्री निर्मल सिंह कुशवाहा जगमोहन वार्ड | श्री निर्मल सिह कुशवाहा, पिता श्री परसराम सिंह जगमोहन वार्ड |
| 9 | 684 | गांधी वार्ड | भवन | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र | श्री शारदा प्रसाद प्रजापति पिता श्री फागूराम प्रजापति गांधी वार्ड | सुश्री संध्या प्रजापति पिता श्री शारदा प्रसाद प्रजापति गांधी वार्ड |
| 10 | 685 | विद्यासागर वार्ड | भवन | ई पंजीकृत पत्र | श्री अभिनंदन नायक पिता श्री स्व सुभाष चंद नायक विद्यासागर वार्ड | श्रीमती शील उर्फ अंगूरी नायक पति श्री निर्मल कुमार नायक विद्यासागर वार्ड |
| 11 | 686 | प्रताप वार्ड | भवन | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र सहमति पत्र | श्री अमिताभ साहू पिता श्री टेकचंद साहू प्रताप वार्ड | श्री टेकचंद साहू, पिता श्री हुब्बी लाल साहू प्रताप वार्ड |
| 12 | 687 | प्रताप वार्ड | भवन | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र | श्री मुन्नालाल पाटकर पिता श्री जगन्नाथ पाटकर प्रताप वार्ड | श्री परमानंद पाटकर पिता श्री जगन लाल पाटकर प्रताप वार्ड |
| 13 | 688 | गुरुनानक वार्ड | भवन | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र वसीयत नामा | श्री संजय केशरवानी पिता श्री श्यामलाल केशरवानी गुरुनानक वार्ड | श्रीमती प्रभा बाई केशरवानी पति श्री श्यामलाल केशरवानी गुरुनानक वार्ड |
| 14 | 689 | विद्यासागर वार्ड | भवन | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्रीमती सोनम सिंघई, सुश्री शुभी जैन पिता श्री देवेन्द्र कुमार जैन | श्री देवेन्द्र कुमार जैन, पिता शिखर चंद जैन विद्यासागर वार्ड |
| 15 | 690 | गुरुनानक वार्ड | भवन | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्रीमती कल्पना कोरी पति श्री अनिल कोरी प्रेस सिटी जबलपुर | श्री परमजीत सिंह सरना, पिता श्री सरदार गुरुवक्श सिंह सरना रांझी जबलपुर |

**मुख्य नगर पालिका अधिकार**
**नगर पालिका परिषद पनागर**

## विमेंस प्रीमियर लीग

# नीलामी में शहडोल की पूजा को खरीदने की मची होड़
# 1.90 करोड़ में मुंबई टीम किया शामिल

**भोपाल, ईएमएस।** शहडोल की महिला क्रिकेट खिलाड़ी पूजा वस्त्रकार को सोमवार को विमेंस प्रीमियर लीग के लिए मुंबई टीम में शामिल कर लिया गया है। खिलाड़ी पूजा वस्त्रकार का बेस प्राइस 50 लाख था। लेकिन नीलामी के दौरान उनके लिए एक करोड़ 90 लाख की बोली लगा कर उन्हें मुंबई टीम में शामिल कर लिया गया। महिला क्रिकेट टीम के लिए पहली विमेंस प्रीमियर लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी सोमवार को शुरू हुई। मुंबई के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में चल रहे ऑक्शन में कैप्स प्लेयर्स की बोली लगाई जा रही थी। इसमें अन्य प्रदेशों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों पर भी इस ऑक्शन पर बोली लगाई गई। आदिवासी बाहुल्य शहडोल संभाग के लिए यह गर्व की बात है कि यहां की एक महिला क्रिकेट खिलाड़ी आज देश के नामचीन खिलाड़ियों में शामिल हो चुकी है।



### नीलामी में पूजा को खरीदने की मची होड़

मध्य प्रदेश के भी कई खिलाड़ी इस ऑक्शन में शामिल हुए। इसमें शहडोल की रहने वाली क्रिकेट की ऑल राउंडर महिला खिलाड़ी पूजा वस्त्रकार को मुंबई की टीम ने एक करोड 90 लाख रुपये में खरीदा। भारतीय टीम की ऑल राउंडर खिलाड़ी पूजा वस्त्रकार जो कि मध्य प्रदेश के शहडोल जिले की रहने वाली हैं। महिला प्रीमियर लीग के लिए उन पर भी करोड़ों की बोली लगाई गई। जैसा कि पहले ही उम्मीद की जा रही थी कि पूजा वस्त्रकार को महिला प्रीमियर लीग में काफी अच्छे दाम मिलेंगे। और हर फ्रेंचाइजी टीम उन्हें अपनी टीम में शामिल करना चाहेगी, क्योंकि पूजा वस्त्रकार एक ऑल राउंडर हैं और ऐसा हुआ भी।जैसे ही पूजा वस्त्रकार का नीलामी के लिए नाम आया दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मुंबई की फ्रेंचाइजी टीम के बीच पूजा वस्त्रकार को खरीदने की होड़ मच गई। शुरुआती रुझान में दिल्ली ने पूजा को अपनी टीम में शामिल करने की कोशिश की। लेकिन इसके बाद उत्तर प्रदेश और मुंबई की टीम के बीच जबरदस्त ऑक्शन देखने को मिला।पूजा को अपनी टीम में शामिल करने के लिए दोनों ही फ्रेंचाइजी टीमों ने पूरा दम लगाने की कोशिश की। इस वजह से लगातार पूजा वस्त्रकार के दाम बढ़ते रहे। लेकिन आखिर में मुंबई ने इस ल?ाई में जीत हासिल की और मुंबई पूजा वस्त्रकार को अपनी टीम में शामिल करने में सफल रही। उसने पूजा वस्त्रकार को एक करोड 90 लाख रुपए में ऑक्शन के जरिए टीम में मुंबई टीम में शामिल करा लिया।

### ऑल राउंडर खिलाड़ी पूजा वस्त्रकार का करियर

पूजा वस्त्रकार के इंटरनेशनल क्रिकेट करियर पर नजर डालें तो उन्होंने गेंदबाजी में दो टेस्ट मैच में पांच विकेट लिए हैं। 26 वनडे मैच में 20 विकेट हासिल किए हैं और 43 टी-20 मैच में 28 विकेट निकाले हैं। अगर पूजा की बल्लेबाजी की बात करें तो दो टेस्ट मैच में इनके 37 रन हैं। 26 वनडे मैच खेल चुकी हैं जिनमें 463 रन हैं, और 43 ञ20 मैच खेल चुकी हैं जिनमें 257 रन हैं। इनमें 37 उनका नाबाद बेस्ट है। पूजा एक ऑल राउंडर खिलाड़ी हैं जिनकी बल्लेबाजी भी शानदार है। वहीं गेंदबाजी भी दमदार है। पूजा वस्त्रकार इन दिनों भारतीय टीम की परमानेंट खिलाड़ी हैं और क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम में अहम भूमिका निभाती हैं। टी-20 के लिए पूजा वस्त्रकार एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। जो अपने शानदार खेल का प्रदर्शन कर हजारों क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत चुकी हैं।

# शुगर फ्री आलू और काले गेहूं के बाद अब नीला गेहूं दिलाएगा प्रदेश को नई पहचान

**भोपाल, यशभारत।** जी-20 देशों की कृषि कार्य समूह की बैठकों का सिलसिला सोमवार से शुरू हुआ। बैठक में 30 देशों के 79 विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। इसमें मप्र के किसानों की सक्सेस स्टोरी भी प्रदर्शित की गई है। यहां पीले और काले गेहूं के बाद सीहोर में नीले रंग के गेहूं का भी स्टॉल है। कंपनी के आशुतोष शर्मा ने बताया, चार साल पहले काले गेहूं का पेटेंट लेकर उत्पादन शुरू किया था, उसके बाद सीहोर में नीले गेहूं का उत्पादन कर रहे हैं। बेकरी में इसका इस्तेमाल हो रहा है।अगले साल के लिए कुछ एक्सपोर्ट के ऑर्डर भी मिले हैं। सिमरोल की निशा पाटीदार का कहना है कि वे खास किस्म के शुगर फ्री आलू का उत्पादन कर रही हैं। डिंडोरी की लहरी बाई की तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर चुके हैं, उनका भी स्टॉल लगा है। वे 80 से अधिक मिलेट्स उगा रही हैं। उन्होंने ये सभी यहां प्रदर्शित किए हैं।आयोजन स्थल पर प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इसमें कृषि क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की ब्रांडिंग की गई है। इंदौर के स्टार्टअप बेटी (बायोटेक एरा ट्रांसफामेंशन इंडिया) का भी स्टॉल है, जो पराली पर मशरूम की खेती के साथ ही मशरूम के हाई क्वालिटी बीज का भी निर्माण कर रहे हैं। वहीं एक अन्य स्टार्टअप क्रास्ट की रूपा कुमारी ने बताया, वे पराली से आकर्षक बैग, कार्ड बोर्ड के साथ ही बर्तन भी बना रहे हैं। पुणे की इस कंपनी ने मुरैना में काम शुरू कर दिया है।

**निर्यात के ऑर्डर भी मिलने लगे**

# रीवा में पदस्थ रहे सात कलेक्टर को अवमानना याचिका पर नोटिस

## तालाबों में अतिक्रमण मामले पर HC हुआ सख्त

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने आदेश के बावजूद भी रीवा जिले के तालाबों से अतिक्रमण नहीं हटाने को गंभीरता से लिया है। अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रवि विजय कुमार मलिमठ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने साल 2014 से अभी तक पदस्थ सात जिला कलेक्टर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की गई है।



याचिकाकर्ता श्यामनंदन मिश्रा की ओर से दायर अवमानना याचिका में कहा गया था कि पूर्व में उन्होंने रीवा जिले के तालाबों के संरक्षण की मांग करते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने रीवा जिले के सभी तालाबों से अतिक्रमण हटाने तथा अवैध उत्खनन रोकने के लिए जिला कलेक्टर को आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने इसके लिए 31 मार्च 2014 तक की तारीख निर्धारित की थी। इसके अलावा जिला कलेक्टर को एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश करने के आदेश भी जारी किए गए थे। हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं होने के कारण साल 2014 में उक्त अवमानना याचिका दायर की गई थी। तालाबों में अतिक्रमण की वजह से उनका अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है। कई तालाबों पर आवासीय कॉलोनियां बन गई। वहीं, कई जगह तालाबों में खेती होने लगी है।पिछली सुनवाई के दौरान युगलपीठ ने बताया था कि हाई कोर्ट के आदेश का परिपालन जिला कलेक्टर द्वारा नहीं किया गया है। इसे गंभीरता से लेते हुए युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि 16 जनवरी 2014 से अभी तक पदस्थ सभी कलेक्टरों की ओर से घोर अवमानना किया जाना प्रतीत हो रहा है। युगलपीठ ने इस कार्यकाल के दौरान पदस्थ सभी कलेक्टरों के नामों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि 15 तालाबों से अतिक्रमण नहीं हटाए गए हैं। इसके अलावा युगलपीठ के समक्ष कलेक्टरों के नाम की सूची भी पेश की गई। युगलपीठ ने सभी कलेक्टरों को याचिका में अनावेदक बनाते हुए पूछा है कि क्यों नहीं उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही की जाए। अनावेदक कलेक्टरों को जवाब पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है।

## बुधनी मेडिकल कॉलेज भवन बनेगा हाईटेक और तकनीक से परिपूर्ण

भोपाल, यशभारत। मध्यप्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को मंत्रालय में बुधनी मेडिकल कॉलेज भवन की डिजाइन के प्रस्तुतिकरण को देखा। बुधनी में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज में पैरा-मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग भी शामिल किया गया है। सारंग ने भोपाल से होशंगाबाद हाई-वे पर प्रस्तावित बुधनी मेडिकल कॉलेज भवन को भविष्य की जरूरत के हिसाब से तैयार करने के निर्देश दिए। मंत्री सारंग ने कहा कि बुधनी मेडिकल कॉलेज भवन हाईटेक और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी से लैस हो। उन्होंने कहा कि बेसमेंट बनाते समय पानी की निकासी आदि की व्यवस्था देखकर प्लानिंग करें। कैम्पस में वॉटर बॉडीज भी विकसित की जाए। गार्डनिंग के लिए पानी की पाइप लाइन आदि की व्यवस्था भवन निर्माण के साथ ही कर ली जाए। मंत्री सारंग ने पढ़ाई, खेल के अलावा एक्स्ट्रा केरिकुलम सेंटर भी डेवलप करने को कहा। भवन में बच्चों के लिए मनोरंजन कक्ष भी बनाएं। मनोरंजन कक्ष के पास ही स्टेडियम हो। उन्होंने कहा कि मल्टी यूटिलिटी शॉप्स निर्मित की जाएं।



# रेल कर्मियों की ईमानदारी, ट्रेन में छूटा महिला यात्री का लैपटॉप सुरक्षित लौटाया

**भोपाल, यशभारत।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर तैनात रेल कर्मचारियों ने ईमानदारी का परिचय दिया है। उन्होंने भोपाल स्टेशन पर उतरने की जल्दबाजी में एसी कोच में लैपटॉप भूल गई महिला यात्री को वह सुरक्षित लौटा दिया। हुआ यह कि ट्रेन नंबर 22404 नई दिल्ली-पुडुचेरी एक्सप्रेस के कोच बी-4 में बर्थ नंबर-42 पर भोपाल की निकिता रोकड़े यात्रा कर रही थीं। सोमवार को भोपाल स्टेशन पर उतरने के दौरान निकिता का लैपटॉप कोच में ही छूट गया और गाड़ी आगे की ओर रवाना हो गई। कुछ देर बाद जैसे ही निकिता को लैपटॉप का खयाल आया तो उन्होंने इसकी सूचना स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात उप स्टेशन प्रबन्धक (वाणिज्य) अखिलेश खरे को दी। खरे ने उक्त ट्रेन में ड्यूटी कर रहे मंडल के इटारसी टीटीई एसके साहू को सूचित कर लैपटॉप को अपनी कस्टडी में लेने को कहा। साहू जब बताई गई बर्थ पर पहुंचे तो वहां लैपटॉप को सही सलामत बरामद किया। इसके बाद लैपटॉप को इटारसी से दक्षिण एक्सप्रेस से वापस भोपाल लाया गया। इसके बाद यात्री निकिता रोकड़े को स्टेशन बुलाकर ऑन ड्यूटी उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) जावेद अंसारी एवं स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) राजेश रायकवार की मौजूदगी में लैपटॉप सुपुर्द किया गया।

## केंद्र सरकार तैयार हुई तो एक साथ दो साल के पदों के लिए होगी डीपीसी

**भोपाल ईएमएस।** मध्य प्रदेश को इस बार एक साथ 16 आइपीएस अधिकारी मिल सकते हैं। गृह विभाग ने राज्य पुलिस सेवा से आइपीएस में चयन के लिए दो साल के पदों की विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक एक साथ करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है।यदि अनुमति मिल जाती है तो विभाग को अलग से तैयारी नहीं करनी होगी। वर्ष 2021 के दस और 2022 के छह पद उपलब्ध हैं। उधर, सामान्य प्रशासन विभाग भी प्रयास कर रहा है कि वर्ष 2021 और 2022 के पदों की डीपीसी एक साथ हो जाए। इसके लिए प्रस्ताव मुख्य सचिव को भेजा गया है।गृह विभाग के अधिकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार यदि दो सालों के पदों पर एक साथ चयन की अनुमति दे देती है तो संघ लोक सेवा आयोग पहले वर्ष 2021 और फिर 2022 के पदों के लिए बैठक करेगा। इसके लिए सभी पात्र अधिकारियों के नाम आयोग को पहले ही भेजे जा चुके हैं, इसलिए पूरी संभावना है कि अनुमति मिल जाएगी। इसके बाद विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक की तारीख निर्धारित होगी।

## चौथी मंजिल से गिरकर सुपर वाइजर व मजदूर की मौत

**भोपाल,ईएमएस।** राजधानी के हबीबगंज इलाके में स्थित मीरा नगर में रहने वाले एक व्यक्ति की चौथी मंजिल में स्थित फ्लैट से गिरकर मौत हो गई। घटना के समय वह नशे की हालत में था। इसी दौरान असंतुलित होकर वह ऊपर से नीचे गिर गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। हबीबगंज थाने के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआइ) महेश धुर्वे के मुताबिक 55 वर्षीय नेतराम पुत्र मोहरलाल निवासी मीरा मगर मल्टी में रहता था। वह सेंटिग भाड़ा लगाने का काम करता था और साथ ही सुपरवाइजरी भी करता था। वह शराब पीने का आदी था। रविवार रात शराब के नशे में अपनी मल्टी की चौथी मंजिल स्थित बालकनी में खड़ा था। इसी दौरान वह असंतुलित होकर नीचे गिर गया। यहां लगी रैलिंग की ऊंचाई कम थी। मृतक के चार बच्चे हैं। स्वजन और आसपास के लोगों ने अपने बयान में उसके नशे में होने की बात पुलिस से कही है। उधर, अशोका गार्डन इलाके में चौथी मंजिल पर सेंटिंग बांधते समय नीचे गिरने से एक मजदूर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी उमेश चौहान ने बताया कि सेमरा निवासी सुरेंद्र रजक (35) निर्माणाधीन इमारतों में सेंटिंग बांधने का काम करता था। इन दिनों वह एक ठेकेदार के अधीन संतोष नगर कोलुआ में काम कर रहा था।



# शिवराज के सवाल पर कमलनाथ का चौपाई वार

## कहा– तीनों लोकों में नहीं मिलेगी शरण

**भोपाल, ईएमएस। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ में सवालों का सिलसिला जारी है। दोनों 2018 के चुनावी घोषणापत्रों के जरिये एक-दूसरे पर सवाल दाग रहे हैं। सोमवार को चौहान ने सवाल पूछा तो कमलनाथ ने गोमाता का सहारा लेते हुए उन पर राम चरित मानस की चौपाई से वार**





मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के स्मार्ट सिटी पार्क में पौधरोपण के बाद कहा कि कमलनाथ जी से आज में एक सवाल पूछना चाहता हूं। कल (रविवार को) कांग्रेस की वचन पत्र के लिए बैठक हुई। वचन पत्र नहीं, कांग्रेस का फिर से महाझूठ पत्र बन रहा है। पिछली बार जो कहा, वह किया नहीं। अब फिर एक झूठ पत्र बनाया जा रहा है। जनता इस झूठ को जानती है और वह भरोसा नहीं करेगी। कमलनाथ जी, हम बैगा, भारिया, सहरिया बहनों को पोषण आहार अनुदान के रूप में एक हजार रुपये प्रतिमाह देते थे। आपकी सरकार आई तो आपने यह राशि देना बंद कर दिया। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि हमारी बहनों ने आपका क्या बिगाड़ा था, जो आपने यह राशि उन्हें देना बंद कर दिया?

कमलनाथ ने ट्विटर पर शिवराज से सवाल पूछा। उन्होंने लिखा कि धरमु न दूसर सत्य समाना, आगम निगम पुरान बखाना। शिवराज जी फिर भी आप सत्यविमुख हैं। आपने तो गोमाता के नाम पर भी झूठ बोला है। भाजपा के घोषणापत्र में आपने वादा किया था कि स्वदेशी नस्लों के संरक्षण और प्रचार के लिए प्रदेश में राष्ट्रीय गोकुल मिशन की तर्ज पर 50 गोकुल ग्रामों का विकास अगले पांच साल में किया जाएगा। जवाब दीजिए कहां हैं ये गोकुल ग्राम? गोमाता से असत्य बोलने के बाद आपको तीनों लोकों में कहां शरण मिलेगी शिवराज जी!

## माशिमं की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में करीब 18 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे

**भोपाल, यशभारत।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं एक मार्च से शुरू हो रही हैं। इस साल 18 लाख 22 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। इस बार पिछले साल के मुकाबले 94 हजार 422 अधिक विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इस बार प्रदेश भर में 3852 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें से 3099 सरकारी व 753 निजी स्कूलों में हैं। इस बार 618 संवेदनशील व अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र हैं। इनमें से 324 अति संवेदनशील और 294 संवेदनशील केंद्र हैं। इन केंद्रों पर सीसीटीवी लगाए जाएंगे और मंडल मुख्यालय से निगरानी होगी।बड़े शहरों में सरकारी के बदले निजी स्कूलों में अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें भोपाल के 103 परीक्षा केंद्रों में से 50 सरकारी व 53 निजी स्कूल, इंदौर के 149 में से 64 सरकारी और 85 निजी स्कूल चुना गया है। जबलपुर के 101 में से 61 सरकारी व 40 निजी स्कूल और ग्वालियर में 92 में से 36 सरकारी और 56 निजी स्कूलों में केंद्र बनाया गया है।




इस साल विद्यार्थियों की संख्या-18 लाख 22 हजार
परीक्षा केंद्रों की संख्या-3852
सरकारी स्कूलों में केंद्र-3099
निजी स्कूलों में केंद्र-753
अति संवदेनशील केंद्र-324
संवेदनशल केंद्र -294
विद्यार्थियों की संख्या
2022-2023-18 लाख 22 हजार

# छत्तीसगढ़ सहमत हुआ तो मप्र में साढ़े चार लाख पेंशनर की पांच प्रतिशत बढ़ेगी महंगाई राहत

**भोपाल,यशभारत ।** शिवराज सरकार ने प्रदेश के साढ़े चार लाख पेंशनर की महंगाई राहत पांच प्रतिशत बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार से सहमति मांगी गई है। अभी पेंशनर को 33 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत मिल रही है, जिसे एक जनवरी 2023 से 38 प्रतिशत किया जाएगा।

### एक जनवरी 2023 से 38 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता

सरकार प्रदेश के साढ़े सात लाख अधिकारियों-कर्मचारियों को एक जनवरी 2023 से 38 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दे रही है। पेंशनर की महंगाई राहत भी जनवरी से बढ़ाई जानी है। इसके लिए वित्त विभाग के सचिव अजीत कुमार ने छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग को पत्र लिखकर सहमति मांगी है।

दरअसल, मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 में महंगाई दर में वृद्धि के लिए दोनों राज्यों के बीच सहमति आवश्यक है। इसमें व्यय होने वाली राशि का 76 प्रतिशत हिस्सा मध्य प्रदेश और शेष 24 प्रतिशत का भार छत्तीसगढ़ सरकार उठाती है।




### महंगाई राहत 33 प्रतिशत

यही कारण है कि जब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 34 प्रतिशत किया गया था, तब महंगाई राहत 33 प्रतिशत की गई थी क्योंकि छत्तीसगढ़ सरकार ने पांच प्रतिशत की ही वृद्धि करने की सहमति दी थी।वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हम अपनी तैयारी कर चुके हैं और एक जनवरी 2023 से महंगाई राहत में वृद्धि का निर्णय लिया जा चुका है। छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति प्राप्त होते ही आदेश जारी कर दिए जाएंगे।

यह भी पढ़ें

### सहमति की आवश्यकता नहीं

उधर, पेंशनर एसोसिएशन मध्य प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणेश दत्त जोशी का कहना है कि सहमति लेने की कोई आवश्यकता नहीं है। केंद्र सरकार इसको लेकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकार को पत्र भी लिख चुकी है पर अब तक नीतिगत निर्णय नहीं लिया गया है।

# राज्य प्रशासनिक सेवा के 39 अधिकारियों के तबादले

**भोपाल यशभारत।** राज्य शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 39 अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है । सोमवार देर रात जारी आदेश में डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी को अनूपपुर से उमरिया, अभय सिंह खरारी उपायुक्त भू अभिलेख भोपाल से डिप्टी कलेक्टर बड़वानी, सोहन कनाश संयुक्त कलेक्टर आगर मालवा से संयुक्त कलेक्टर बड़वानी, चंद्रभूषण प्रसाद संयुक्त कलेक्टर ग्वालियर से गुना, हेमकरण धुर्वे संयुक्त कलेक्टर सतना से उमरिया, अनिल भाना संयुक्त कलेक्टर झाबुआ से रतलाम, प्रभाशंकर त्रिपाठी संयुक्त कलेक्टर सतना से रीवा, दयाकिशन शर्मा विशेष सहायक मंत्री किसान कल्याण एवं कृषि विकास से यथावत, राजन बी नाडिया संयुक्त कलेक्टर शिवपुरी से मुरैना, बिजेन्द्र प्रसाद पांडेय संयुक्त कलेक्टर सिंगरौली से रीवा, मधुवंत राव धुर्वे संयुक्त कलेक्टर छिंदवाड़ा से बालाघाट, संतोष कुमार तिवारी अधीक्षक स्टेट गैरेज भोपाल से डिप्टी कलेक्टर नर्मदापुरम, बलवीर रमन संयुक्त कलेक्टर डिंडोरी से छतरपुर, ब्रजेश सक्सेना संयुक्त कलेक्टर सीहोर से विदिशा, हुनेन्द्र घोरमारे संयुक्त कलेक्टर सिवनी से मंडला, वीरेंद्र सिंह दांगी संयुक्त कलेक्टर उज्जैन से राजगढ़, जमील खान संयुक्त कलेक्टर भोपाल से सीहोर, प्रवीण प्रजापति संयुक्त कलेक्टर विदिशा से देवास, अजीत तिर्की संयुक्त कलेक्टर छिंदवाड़ा से अनूपपुर, राजीव कुमार समाधिया संयुक्त कलेक्टर मुरैना से शिवपुरी, संजीव साहू डिप्टी कलेक्टर उज्जैन से दमोह, आशीष कुमार पांडेय संयुक्त कलेक्टर जबलपुर से नर्मदापुरम पदस्थ किया है। इसी तरह डिप्टी कलेक्टरों में श्रुति अग्रवाल हरदा से पन्ना, ओम नारायण सिंह बडकुल खरगौन से शाजापुर,दीपशिखा भगत दतिया से अनूपपुर, आरती यादव विदिशा से सतना, संदीप सिंह बालाघाट से सागर, सोनल सिडाम सिवनी से मंडला, अंकित जैन निवाड़ी से राजगढ़, प्रियंका वर्मा मंडला से भोपाल, दीपक चौहान बुरहानपुर से धार, आयुषी जैन बालाघाट से विदिशा, रचना शर्मा पन्ना से अशोकनगर, शिवाली सिंह मंडला से जबलपुर, कृतिका भीमावद रतलाम से उज्जैन, लक्ष्मीनारायण गर्ग झाबुआ से रीवा, तरूण जैन झाबुआ से शहडोल, आकांक्षा करोठिया नीमच से खरगौन और संघमित्रा गौतम को कटनी से नरसिंहपुर पदस्थ किया गया है।



## सिहोरा जनपद के अनेक ग्रामों में विकास यात्रा

# जन जन को योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही उदेश्य : नंदनी मरावी



**सिहोरा, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ग के विए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुचाना ही विकास यात्रा का मुख्य उदेश्य है उक्ताशय के विचार विधायक नंदनी मरावी ने 5 से 25 फरवरी तक जारी विकास यात्रा के दौरान जनपद पंचायत सिहोरा की ग्रांम पंचायत खजूरी के ग्रांम भदम खूर्द में अनेक योजनाओं का लोकार्पण भूमिपूजन करते ग्रांम वासियों से व्यक्ति किए।सोमवार को नवमें दिन विकास यात्रा कछपुरा पाली टोरिया, बंधा मानगांव, खम्हरिया कटरा सिमरिया, रमखिरिया टंगवा,देवरी,संजय नगर,आलगोडा रिठौरी पहुची जहां नल जल योजना लोकार्पण,सामूदायिक भवन भूमिपूजन,बाउंड्री बाल लोकार्पण,स्वच्छता परिसर लोकार्पण एन रंगमंच का भूमिपूजन करने के साथ अनेक योजनाओं के हितग्राहियों को विधायक ने वितरत किए।विकास यात्रा में जहां बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये वही कलश के साथ स्वागत भी किया।आज मंगलवार को देवनगर मिढासन,ह्रदय नगर धमधा,धरमपुरा,टिकरिया पुरानी, पौडीकला निन्दौरा,पोडी खूर्द मडई,एंव रानीताल ग्रांम पंचायत के मडौध ग्रांम पहुचेगी।इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज बघेल, जनपद उपाध्यक्ष एंव ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल,तहसीलदार राकेश चौरसिया,सीईओ बसंत तिवारी,राजेश मिश्रा,जनपद सदस्य अनिल चौधरी, सरपंच के के दुबे सहित अनेक ग्रांमवासी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्टेशनों पर वाणिज्य विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई से हड़कंप

**जबलपुर यशभारत।** मंडल के वाणिज्य विभाग के अधिकारियों ने जबलपुर से सतना रेलखंड के स्टेशनो पर बिकने वाली खाद्य समाग्री एवं बेंडरों की जांच का अभियांन चला कर अनेक अवैध बेंडरों को पकड़कर जुमार्ना वसूलने के साथ ही अमानक समाग्री नष्ट करने का अभियान चलाया । वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन के निर्देष पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील श्रीवास्वत के नेतृत्व में चलाये गए अभियान मे अनेक स्थानो पर कार्यवाही की गई। जिसमे प्लेटफार्म पर अनाधिकृत रूप से अन्दर आने वाले बेंडरों कि जांच की गई । कुछ बेंडर खुले में खाद्य सामाग्री बेचते पकड़े गये। जिस पर अमानक खाद्य सामाग्री को नष्ट कर उन पर अर्थ दंड लगाया गया। उल्लेखनीय है कि मंडल में 9 फरवरी से जारी इस अभियान में जबलपुर स्टेशन से लगभग एक दर्जन अवेध बेंडरो को पकड़ा जा चुका है। इसी कडी मे सतना स्टेशन पर वाणिज्य विभाग की टीम ने 11 बेंडरो को खुली खाद्य समाग्री बेचने पर लगभग चार हजार रूपये का अर्थ दंड बसूल किया साथ हि इनके पास से 300 समोसे 100 पैकिट भजिया एवं चटनी, मिर्च, प्याज को अमानक मानते हुए नष्ट कराया। रेलवे कि यह कार्यवाही जबलपुर के साथ ही कटनी, मैहर, दमोह, सागर, करेली, नरसिंहपुर, पिपारिया, आदि स्टेशनो पर भी की गई/

## विकास खंड शिक्षा अधिकारी की टीम द्वारा निरीक्षण

**गोटेगांव, यशभारत।** माननीय कलेक्टर के निर्देशानुसार विकासखंड गोटेगांव के अंतर्गत शासकीय रानी अवंती बाई लोधी हाई स्कूल गोटेगांव ,शासकीय सर्वोदय हायर सेकेंडरी स्कूल सूरवारी एवं शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा का निरीक्षण विकास खंड अधिकारी श्री डी.एल.कनेरिया एवं श्री उमाशंकर जी द्वारा द्वारा किया गया निरीक्षण में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए बोर्ड परीक्षा की तैयारी ब्लू प्रिंट एवं प्री बोर्ड पेपर द्वारा की जाना है अनुरक्षण कार्यों की समीक्षा उपरांत विकासखंड सह समन्वयक साक्षरता श्री सतीश कुमार साहू के साथ बीईओ एवं बीएसी द्वारा सभी विद्यालयों में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत असाक्षर सर्वे एवं सामाजिक चेतना केंद्रों की संचालन पर भी विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए निरीक्षण दल में जन शिक्षक श्री प्रकाश राकेशिया भी उपस्थित हुए निरीक्षण उपरांत गाडरवारा खेड़ा में विकास यात्रा कार्यक्रम में सभी सम्मिलित हुए।

## राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तंखा ने पनागर विधानसभा में किए सांसद निधी से अनेकों काम

**कुंडम, यशभारत।** राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तंखा का जबलपुर संस्कारधानी से स्नेह करना तो सबको पता ही है, चाहे रोटरी के माध्यम से लोगों की मदद करना हो या स्पेशल बच्चों का स्कूल संचालन, या लाखों लोगों को मुफ्त इलाज करवाना हो, विवेक कृष्ण तंखा जी ने जबलपुर का नाम पूरे देश में रोशन किया है। पनागर विधानसभा में कांग्रेस के सक्रिय और कर्मठ नेता मनीष पटेल की अनुशंसा पर लाखों रुपए के काम विवेक कृष्ण तंखा ने किए हैं जिसकी चर्चा और सराहना पनागर के गांव गांव में हो रही है, अभी हाल ही में पानी के टैंकर जो की ग्राम पंचायत बरोदा, ग्राम पंचायत खजरी, ग्राम पंचायत सूरतलाई, ग्राम पंचायत बम्हनोदा में दिए हैं जिससे आने वाली गर्मी में ग्रामीणों को पानी की सुविधा मिल सकेगी, पहले भी मनीष पटेल जी के आग्रह पर पनागर के ग्राम पंचायत नगना, ग्राम पंचायत सरसवा, ग्राम पंचायत गुडगवा और भी अन्य ग्राम पंचायतो में पानी के टैंकर दिए गए हैं, इसी तरह कई ग्राम पंचायतो में हैंडपंप खनन भी किए गए हैं जिसमे ग्राम मनयारी कला में दो, ग्राम सरसवा, ग्राम महगवा, ग्राम नगना, ग्राम पौंडी, ग्राम सरखड़ी, ग्राम बिहरिया में पीने के पानी के लिए हेंडपंप लगवाए गए हैं पनागर विधानसभा के उभरते हुए नेता मनीष पटेल जो की जनपद सदस्य हैं और कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष भी हैं।

## विधायक नंदनी मरावी का किया गया स्वागत



**कुंडम, यशभारत।** जनपद पंचायत कुंडम क्षेत्र क्रमांक 8 ग्राम पंचायत भजिया खमरिया मैं विकास यात्रा के दौरान ग्राम वासियों के द्वारा सुंदर संगीत की प्रस्तुति की गई जिसमें उपस्थित क्षेत्र की विधायक एवं प्रदेश में संगठन मंत्री माननीय नंदनी मरावी जी क्षेत्र की जनपद सदस्य वंदना मार्को विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू सांसद प्रतिनिधि सतीश अवस्थी जनपद उपाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर मंडल अध्यक्ष राजेश साहू मंडल अध्यक्ष महेंद्र बड़करें शीतल यादव तहसीलदार महोदय मुख्य कार्यपालन अधिकारी गुड्डा द्विवेदी कार्यक्रम का संचालन कर रहे नेतराम झारिया और सभी ग्रामवासी माताएं बहने युवा साथी सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# पाटलीपुत्र एक्सप्रेस में युवक के सीने में दर्द ,रेलवे स्टाफ ने बचा ली जान

**जबलपुर यशभारत।** रेलगाड़ी के वातानुकूलित कोच मे सफर कर रहे एक युवक को अचानकसीनें में तेज दर्द होने पर हार्ट अटैक को देखते हुये रेलवे स्टाफ द्वारा यात्री को ट्रेन से उतारकर एबुलेंस बुलाकर चिकित्सालय पहुचाकर उसकी जान बचाने को सराहनीय कार्य किया गया। इस संबंध में मंडल वाणिज्य प्रबंधक देवेश सोनी ने बताया की लोकमान्य तिलक मुम्बई से पाटलीपुत्र जाने वाली ट्रेन नंबर 12141 के एसी थ्री 6 कोच मे वर्थ नंबर 39 पर अकेले यात्रा कर रहे युवक अशरफ को जबलपुर स्टेशन से ट्रेन के रवाना होने के बाद कटनी स्टेशन से सीने में तेज दर्द महसूस हुआ इसके साथ ही उन्हे पसीना भी खूब आने लगा। जिस पर सह यात्रीयों ने उनकी अस्वस्थता की सूचना टिकिट निरीक्षक को दी जिस पर रेलवे कंट्रोल के द्वारा अगले स्टेशन सतना को दी गई । उक्त सुपरफास्ट गाड़ी के सतना पहुचते ही वाणिज्य विभाग के कर्मचारियो तेज नारायण सिंह, अवध मिश्रा, तथा रेलवे के चिकित्सक दल ने जांच के उपरांत उसे उतारकर एबुलेंस से चिकित्सालय पहुचाया गया जहॉ उसे आई सी यू में भर्ती करके उसका ईलाज प्रारम्भ किया गया जिससे उसकी जांन बच गई । उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व एक महिला केंसर यात्री का आक्सीजन सेलेन्डर मे गैस खत्म हो जाने पर सतना स्टेशन पर रेलवे द्वारा नया भरा सेलन्डर उपलब्ध कराया गया था। रेलवे के उक्त कार्यो की यात्रियों ने सराहना की है ।

# एस एम सी खातों वित्तीय प्रशिक्षण सम्पन



**पाटन, यशभारत।** सामुदायिक भवन में शिक्षकों के एक दिवसीय वित्तीय प्रशिक्षण का आयोजन सोमवार को किया गया शिक्षा विभाग के लगभग एक साल से बंद पड़े एस एम सी खातों के संचालन करने के लिए यह प्रशिक्षण रखा गया जिसमें जनपद क्षेत्र के 250 शिक्षकों को जिले से आये अधिकारियों द्वारा किस प्रकार इन खातों के संचालन करना है कि महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई जिसमें बी आर सी घनश्याम सिंह बी ए सी चिंतामन यादव जन शिक्षक विश्राम मरकाम मनीष सोनी रघुनाथ ठाकुर अवधेश यादव अरविंद तिवारी लेखापाल बीनू सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

## सिहोरा शासकीय कालेज में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**सिहोरा, यशभारत** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार ऊर्जा क्लब का गठन किया गया। जिसमे गौरव द्विवेदी सहायक प्राध्यापक भौतिक शास्त्र को संयोजक तथा अखिलेश कुर्मी सहायक अध्यापक रसायन शास्त्र, जागेश्वर प्रजापति सहायक अध्यापक अर्थशास्त्र एवं डॉक्टर के पी रजक अतिथि विद्वान भूगोल को सदस्य बनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संतोष जाटव के संरक्षण में एवं क्लब के संयोजक एवं सदस्यों के मार्गदर्शन में आज ऊर्जा संरक्षण विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा आराधना काछी तथा वैशाली मांझी ने द्वितीय स्थान एवं स्तुति विश्वकर्मा बी.ए.तृतीय वर्ष की छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में विभिन्न छात्रों ने ऊर्जा संरक्षण के पक्ष और विपक्ष में तर्क प्रस्तुत किए जिसमें बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्रा मेघा तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा आरती कोरी एवं विदित नारायण ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किए और गौरव विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ अर्चना नामदेव,आशुतोष कुमार सोनी,सुश्री शैल कुमारी सिंह,सीएल वर्मा,डॉ एसके मेहरोलीय,डॉ राजेश वाहने,गीता पांडे,ऋषिकेश चंद्रवंशी, श्रीमती दीपिका कुशवाहा,डॉक्टर नीता तिवारी,डॉ अर्चना नामदेव,सुश्री गार्गी भट्टाचार्य का सहयोग प्राप्त हुआ।

# पमरे के 53 स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत शामिल

**जबलपुर यशभारत।** भारतीय रेलवे पर रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है। शुरुआत में इस योजना में भारतीय रेलवे पर उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए 1275 स्टेशनों को लेने की परिकल्पना की गई है। इस योजना के तहत पश्चिम मध्य रेल के 53 स्टेशनों को चिन्हित किया गया है। जिसमें जबलपुर मण्डल के 17 स्टेशन, भोपाल मण्डल के 17 स्टेशन एवं कोटा मण्डल के 19 स्टेशन है। अमृत भारत स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है। इसमें स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणबद्ध उनका कार्यान्वयन शामिल है, जैसे स्टेशन पहुंच में सुधार, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, लिफ्ट/एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई, स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क। प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट', बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, कार्यकारी लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामित स्थान, लैंडस्केपिंग आदि जैसी योजनाएं उपलब्ध रहेंगी।

इसके अलावा इस योजना में भवन में सुधार, शहर के दोनों किनारों के साथ स्टेशन को एकीकृत करने, मल्टीमॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, स्थायी और पर्यावरण के अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित पटरियों का प्रावधान, आवश्यकता के अनुसार 'रूफ प्लाजा', चरणबद्ध और व्यवहार्यता और निर्माण की भी परिकल्पना की गई है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मण्डलों के स्टेशन इस प्रकार है जबलपुर मण्डल से जबलपुर, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा, पिपरिया, सिहोरा रोड, कटनी जंक्शन, कटनी मुड़वारा, कटनी साउथ, बरगवां, ब्यौहारी, दमोह, सागर, मैहर, सतना, रीवा स्टेशनों को शामिल किया गया गया है। इसी तरह से भोपाल एवं कोटा मंडल के अनेक स्टेशन भी शामिल है/

## विकास यात्रा पहुंचने पर विधायक नंदनी मरावी का किया गया भव्य स्वागत



**कुंडम, यशभारत।** सिहोरा,कुण्डम विधानसभा की जनपद पंचायत कुंण्डम के अंतर्गत चिरईपानी, अण्डार, बुडबुड़ी, डुंडा, बरगवा, छपरा करोदी ,विकास यात्रा पहुंचने पर ग्राम वासियो ने भाजपा प्रदेश मंत्री विधायक सिहोरा श्रीमती नंदनी मरावी का भव्य स्वागत किया विकास यात्रा मे विधायक द्वारा नल जल योजना का भूमिपूजन, नाली निर्माण का लोकापर्यण,अमृत सरोवर तालाबों का भूमिपूजन,स्कूल बाउंड्रीबाल लोकार्पण, पट्टा वितरण, वृद्धा पेंसन, विधवा पेंसन, कल्याणी पेंसन, कन्या अभिभावक पेंसन, एवं अनेक योजनाओं के हितलाभ वितरित किये गए इस विकास यात्रा मे श्री सुरेंद्र धुर्वे जनपद उपाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर,सांसद प्रतिनिधि सतीश अवस्थी,मण्डल अध्यक्ष राजेश साहू, बघराजी मण्डल अध्यक्ष महेंद्र बरकडे, जनपद सदस्य मुकेश झारिया, जनपद सदस्य श्रीमती हेमवती परस्ते, शुक्ल सिंह बरकडे, राजन मरावी, बसंत परस्ते, झानी मरकाम, अनूप मार्को, अशोक बरकडे, दरसन सिंह, धर्म सिंह मरावी,जे पी यादव एसडीएम कुण्डम, पी एल यादव सीइओ , सुश्री नेहा जैन नायब तहसीलदार सरपंच गण एवं सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी गण व ग्रामवासी उपस्थित रहे.

# गुडवारा श्री शनि शांति महामारुति महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ 23 से



**गोटेगांव , यशभारत।** शनिपीठ नर्मदाधाम घुघरीघाट, गुडवारा में दिनांक – 23 फरवरी से 02 मार्च 2023 तक रोग, दोष, शोक, अकाल मृत्यु, पितृदोष, कालसर्प दोष, मांगलिक दोष निवारण हेतु श्री शनि शांति महामारुति महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है यज्ञाधीश–शनिपीठाधीश्वर श्री श्री अनन्त विभूषित बालयोगेश्वर ए. एन. स्वामी शनिदेव जी महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष / प्रबंधक के द्वारा महायज्ञ संपन्न होगा जिसमें आमंत्रित अतिथि संत जगद्गुरू श्री 1008 श्री परमहंसदास जी महाराज (अयोध्या),श्री 1008 श्री महंत शिवारामदास जी महाराज (माउन्टआबू),श्री 1008 श्री महंत भगवान वेदान्ताचार्य जी महाराज (दमोह),श्री 1008 श्री महंत राजेन्द्रदास जी महाराज (पीताम्बर पीठ),श्री 1008 श्री महंत भूषणदास जी महाराज (भोपाल),श्री 1008 श्री महंत जनमेजय शरणदास जी महाराज (अयोध्या),श्री 1008 श्री महंत वालेश्वरदास जी महाराज (कोटपुतली),श्री 1008 श्री महंत त्यागीनाथ जी महाराज (चिनकीघाट),श्री 1008 श्री महंत सिवावल्लभ शरणदास जी महाराज (काशी),श्री 1008 श्री महंत संतोषदास जी महाराज (नैमीशरण),श्री 1008 श्री महंत संतमित्रानन्द जी महाराज ( पालनपुर),श्री 1008 श्री महंत जानकीदास जी महाराज (धरणीधर गुजरात),श्री 1008 श्री महंत मनमोहनदास जी महाराज (सामला भगवानपीठ),महंत श्री शिवानन्द परमार्थी जी, महंत श्री मनीषदास जी,महंत श्री बमबमदास, महंत श्री बनवारीदास, महंत श्री रघुनाथदास,महंत श्री हनुमानदास, महंत श्री अनिलदास, महंत श्री पुरूषोत्तमदास, महंत श्री झारखण्डीदास, महंत श्री नन्दलालदास, महंत श्री बालकदास कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। साथ ही कथा वाचक महामण्डलेश्वर विश्वसंत परमसंघ उपाध्यक्ष अतुलेशानंद जी महाराज, चित्रकूट वालों के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान का रसपान होगा राष्ट्रीय अध्यक्ष शनि पीठ नर्मदा तट घुघरी ट्रस्ट,प्रदेश उपाध्यक्ष लोधी क्षत्रिय समाज विनोद पटेल ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।।

## सिलावट समाज संघ के पदाधिकारी हुए प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में शामिल



**गोटेगांव, यशभारत।** विगत दिवस सिलावट समाज विकास संघ की प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन प्रदेश कार्यालय गढा जबलपुर में सम्मिलित होने के लिए गोटेगांव से सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए कार्यक्रम में समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई एवं संगठन की गाइडलाइन *संघ संविधान* का भी नवीनीकरण किया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबासाहेब अंबेडकर जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत पूजन अर्चन करने के पश्चात प्रदेश के अन्य जिलों से पधारे अनेक वक्ताओं ने समाज में तरक्की एवं संगठन मजबूती पर अपने विचार रखें एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने पर अनेक युवाओं को संगठन द्वारा सम्मानित भी किया गयाकार्यक्रम के अंत में स्व.श्री हरिशंकर दौहैया जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं उनके स्थान पर श्री गोपाल राज जी (होशंगाबाद) को प्रदेश संयोजक बनाया गया कार्यक्रम में विभिन्न प्रस्तावों पर प्रदेश एवं जिला संगठनों नेसर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए प्रदेश अध्यक्ष श्री टावल सिंह सिलावट , नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष गौरीशंकर सिलावट, जबलपुर जिला अध्यक्ष दौलत सिंह राजोरिया, प्रदेश महामंत्री दीनू छिरा, प्रदेश संगठन मंत्री रेवाराम असैया, प्रदेश सचिव अजय बझैया,प्रदेश सह मीडिया प्रभारी संजू चौहान, जिला उपाध्यक्ष परमसिह मिहोलिया, सह सचिव सुरेंद्र पिपरोलिया, राजाराम कस्तवार प्रवक्ता,प्रदेश संयोजक बिहारीलाल चादोरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष दौहैया,प्रदेश सह संयोजक बुधराज विंडवार,उमाशंकर छिरा बीआसी, रंजीत पिपरोलिया,लोचन सिलावट *वरिष्ठ सदस्य* भोपत कस्तवार,अशोक कस्तवार, कैलाश परसवाल, गणेश नोरोजिया,बसंत कुमार, राजेंद्र छिरा, कमलकांत जारोलिया, दिनेश परसवार, राकेश बझैया, कान्हा छिरा ,शुभम छिरा, देवेंद्र कनेरिय, ,विमलसिह,किशेर भगत, बेनी प्रसाद , प्रकाश कनेरिया,दीपक बझैया,दसरथ दौहैया,दीपक पिपरोलिया, मयंक छिरा,सतीश परसवार, *महिलाएं की रही भागीदारी* पिपरिया से कविता राज,पार्वती सिलावट प्रियंका दौहैया,रितु परसवाल *नरसिंहपुर से* राजा सिलावट,जय कनेरिया कैलाश सिलावट ,तरबार सिलावट, विनोद सिलावट,*गोटेगांव से* मोनू परसवार, आशीष सिलावट,आकाश परसवार,अनिल सिलावट,सतीश कस्तवार, अनुराग छिरा,अशोक चादोरिया, दुर्गेश पंडा, आशीष कनेरिया, विक्की सिलावट, योगेंद्र बरसैया, मनोज मिहोलिया,लकी कनेरिया, रोहित परसवार,सौरभ चादोरिया,एवं अनेक समाज के लोग शामिल हुए।

# अविजीत है तो मुमकिन है शांति व्यवस्था कायम करने की पहल



**गोटेगांव, यशभारत।** नरसिंहपुर जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक श्री अविजीत कुमार रंजन के द्वारा नरसिंहपुर जिले के समस्त थानों को वाहन, होटल, लॉज ,ढाबा ,पेट्रोल पंप आदि चेक करने एवं थाना क्षेत्र में पैदल भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया गया था । जो समस्त थानों द्वारा अपने अपने स्टाफ के साथ शहर एवं कस्बों के मुख्य स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहन चेकिंग की गई आज दिनांक 12 फरवरी 2022 को कुल 691 वाहनों को चेक कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 187 वाहनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही कर कुल शमन शुल्क 50950 रुपए शासकीय कोष में जमा कराया गया । इसी के साथ संपूर्ण जिले में पुलिस स्टाफ द्वारा प्रमुख स्थानों पर पैदल भ्रमण किया गया जिससे जनता में सुरक्षा की भावना जागृत हो साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था भी भ्रमण के दौरान सुधारी गई। नवागत पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार संपूर्ण जिले में लगभग 500 होटल ,लॉज ,ढाबा, पेट्रोल पंप आदि को चेक किया गया।

# कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे नगर के शासकीय कार्यालय

**गोटेगांव, यशभारत।** गोटेगांव नगर की मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित सभी शासकीय कार्यालय इन दिनों कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हैं यहां पर कार्यालयों में कर्मचारियों की कमी के चलते कार्य प्रभावित हो रहे हैं तो दूसरी ओर जनता परेशान हो रही है विगत दिवस देखा गया है कि नगर में एकमात्र उच्च शिक्षा का मंदिर शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय में बाबुओं की कमी के चलते कार्य प्रभावित हो रहे हैं इस कार्यालय का दुर्भाग्य ही है कि अगर प्राचार्य नहीं है तो बाबू है और बाबू नहीं है तो प्राचार्य है। बस यही प्रक्रिया यह कॉलेज में चल रही है यहां पर छात्रों को भी बाबुओं की सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है यह विडंबना कई वर्षों से बनी हुई है जबकि गोटेगांव के सांसद वर्तमान में केंद्रीय सरकार में मंत्री बने बैठे हैं फिर भी जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस कालेज की ओर एवं छात्रों की शिक्षा की ओर नहीं जा रहा है जिस कारण अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है शासन भी कुम्भकर्णी निद्रा के चलते इस और ध्यान ही नहीं दे रहा है इसी तरह देखा गया है कि गोटेगांव के सभी शासकीय कार्यालयों में कहीं चपरासी तो कहीं बाबू,कहीं अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों की कमी नगर की जनता को खल रही है जबकि कुछ विभागों में जैसे नगर पालिका मैं कर्मचारियों की भरमार है फिर भी कार्य बाधित हो रहे हैं समय पर भुगतान नहीं हो रहा है और भी अन्य कार्य कर्मचारियों की कमी के चलते पेंडिंग में पड़ी है शासन ध्यान दें और जल्द से जल्द सभी विभागों में कर्मचारियों की कमी को दूर करके भर्ती की जाए जिससे शासन की योजनाओं का लाभ जनता को मिल सके स्मरण हो कि इसी वर्ष मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव भी संपन्न होने जा रहे हैं परंतु कर्मचारियों की कमी के चलते यदि शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंचा तो फिर विधानसभा के चुनाव प्रभावित हो सकते हैं शासन से अपेक्षा है शीघ्र ध्यान देकर कर्मचारियों की भर्ती की जावे जिससे जनता को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके एवं शासकीय महाविद्यालय में बाबुओं की कमी को दूर किया जाए ताकि सभी को बाबुओं की सेवा का अवसर मिले और इस कॉलेज में बाबू भी पदस्थ हो।

## सिहोरा सीएम राइज में खेल उत्सव का आयोजन





**सिहोरा, यशभारत।** सीएम राइस विद्यालय सिहोरा में सृजन कार्यक्रम 2023,वार्षिक उत्सव एवं खेल उत्सव का आयोजन प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय और उप प्राचार्य शैलेन्द्र मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रश्मि अग्निहोत्री अध्यक्ष जनपद पंचायत सिहोरा,श्रीमती संध्या दिलीप दुबे अध्यक्ष नगरपालिका परिषद सिहोरा ,विशिष्ट अतिथि मनेन्द्र अग्निहोत्री, दीपक तिवारी,अभिषेक गुप्ता समाज सेवी एवं बच्चों के अभिभावक गण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य अभिभावकों,जनप्रतिनिधियों को सीएम राइज विद्यालय के अंतर्गत होने वाले नवाचारों और कक्षा 1 से 8 वीं तक के बच्चों के द्वारा किये गये सृजन से अवगत कराना था। इसके बाद सांस्कृतिक,खेल कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें बच्चों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। सीएम राइज योजना के अंतर्गत विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें प्रवेश उत्सव, विधिक साक्षरता दिवस, कौमी एकता दिवस, हर घर तिरंगा ,राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, जादू नहीं विज्ञान है, महापुरुषों की जयंती जैसे महात्मा गांधी,स्वामी विवेकानंद,सुभाष चंद्र बोस,रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती, मतदाता जागरूकता,बाल दिवस, शिक्षक दिवस,मध्य प्रदेश स्थापना दिवस, करियर काउंसलिंग, शैक्षणिक भ्रमण,आत्मरक्षा प्रशिक्षण,एक भारत श्रेष्ठ भारत,अमृतउत्सव इत्यादि का आयोजन किया गया जिनके माध्यम से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक अमित जैन, अशोक पटैल, श्रीमती सविता पटैल, सुरेश यादव, प्रखर गुप्ता, रामबरन हल्दकार, मनीष विश्वकर्मा, श्रीमती मोहनी उपाध्याय,श्रीमती पूनम विश्कर्मा, जयकिशोर हल्दकार, श्रीमती माया शुक्ल, रविप्रकाश मिश्रा ,आनंद दाहिया,कविता कछवाहा, गोपाल उवेती आदि उपस्थित थे।

# जेमिमा-शेफाली की दिल्ली सबसे परफेक्ट टीम

## 15 खिलाड़ी डेढ़ करोड़ से ज्यादा में बिकीं, सबसे महंगी मंधाना तेजी से रन बनाती हैं, कप्तानी भी करने में सक्षम

**मुंबई, ईएमएस। ऐतिहासिक विमेंस प्रीमियर लीग का पहला ऑक्शन शानदार रहा। कुल 87 खिलाड़ियों पर पांच टीमों ने 59.50 करोड़ रुपए खर्च कर दिए। इनमें 30 विदेशी और 57 भारतीय खिलाड़ी बिकीं। दिल्ली, गुजरात और बेंगलुरु ने सबसे ज्यादा 18-18 खिलाड़ी खरीदे। जबकि यूपी ने सबसे कम 16 खिलाड़ी खरीदे। वहीं, मुंबई ने 17 खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने स्मृति मंधाना को 3.40 करोड़ रुपए में खरीदा। वह ऑक्शन की सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। वहीं, इंग्लैंड की नेटली सीवर और ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर 3.20 करोड़ रुपए में बिकीं। दोनों ही सबसे महंगी विदेशी खिलाड़ी रहीं। दिल्ली कैपिटल्स ने टीम इंडिया की विस्फोटक ओपनर शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्ज को खरीदा। भारत की टॉप ऑर्डर बैटर और वाइस कैप्टन स्मृति मंधाना ऑक्शन में सबसे महंगी रही। उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम ने अपनी टीम में शामिल किया, क्योंकि 26 साल की स्मृति तेजी से रन बनाने की काबिलियत रखती हैं। साथ ही उनमें टीम लीड करने की क्षमता भी है। टीम उन्हें बतौर ओपनिंग बैटर और कप्तान के रूप में देख रही है। मंधाना के अलावा, एश्ले गार्डनर, नेटली सीवर, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और पूजा वस्त्राकर जैसी 15 खिलाड़ियों पर फ्रेंजाइजीज ने धनवर्षा की। टीम इंडिया की उपकप्तान स्मृति मंधाना तेजी से रन बनाने की क्षमता रखती हैं। उनमें लीडरशिप क्वॉलिटी भी हैं। मंधाना ने 112 टी-20 मैचों में 123.13 के स्ट्राइक रेट से 2651 रन बनाए हैं। उनके नाम 20 अर्धशतक भी हैं। एश्ले गार्डनर -25 साल की ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर गार्डनर बैटिंग और बॉलिंग दोनों में माहिर हैं। वे 133.62 के स्ट्राइक रेट से रन बनाती हैं, जबकि 6.23 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करती हैं। दाएं हाथ की ऑफ स्पिनर 68 टी-20 मुकाबलों में गार्डनर के नाम 1069 और 48 विकेट हैं।**




### नेटली सीवर ब्रंट

इंग्लिश ऑलराउंडर ब्रंट दाएं हाथ से मीडियम पेस गेंदबाजी करती हैं और पावर हिटिंग कर सकती हैं। वे टी-20 इंटरनेशनल में हैट्रिक लेने वाली पहली इंग्लिश गेंदबाज हैं। 30 साल की ब्रंट ने 105 मैचों में 112.64 के स्ट्राइक रेट से 2004 रन बनाए हैं और 78 विकेट भी लिए हैं।

### दीप्ति शर्मा

25 साल की भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा गेंद और बैट दोनों से प्रभाव छोड़ती हैं। दाएं हाथ की ऑफ ब्रेक स्पिनर दीप्ति शर्मा ने 88 मैचों में 6.12 की इकोनॉमी से 97 विकेट लिए हैं। उन्हें बल्ले से 106.52 के स्ट्राइक रेट से 914 रन निकले हैं।

### जेमिमा रोड्रिग्ज

22 साल की जेमिमा रोड्रिग्ज एक भरोसेमंद बल्लेबाज हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका में चल रहे विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में रविवार को अपनी नाबाद 53 रनों की अर्धशतकीय पारी के दम पर भारत को पाकिस्तान पर 7 विकेट की रोमांचक जीत दिलाई है। जेमिमा को उस पारी का ईनाम भी मिला। 76 मैच में जेमिमा के बल्ले से 10 अर्धशतक सहित 1628 रन निकले हैं। कुछ मौकों पर वे गेंदबाजी करती भी नजर आई हैं, लेकिन विकेट नहीं ले सकीं।

### शेफाली वर्मा

भारत की टॉप ऑर्डर बल्लेबाज हैं। जो भारतीय पारी की शुरुआत करती हैं। 19 साल की शेफाली ने 134.46 के रन रेट से 1264 रन बनाए हैं। इनमें 5 अर्धशतक भी शामिल हैं। शेफाली के नाम 6 इंटरनेशनल विकेट भी हैं। शेफाली लीडरशिप मटेरियल भी हैं। उनकी कप्तानी में भारतीय अंडर-19 महिला टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। उनकी इन काबिलियत के कारण उन्हें 2.2 करोड़ रुपए की रकम मिली है। इतना ही नहीं, एक दिन पहले पाकिस्तान के खिलाफ 33 रन बनाकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई।

### बेथ मूनी

29 साल की विकेट कीपर बल्लेबाज बेथ मूनी बाएं हाथ से बल्लेबाजी करती हैं। विकेट कीपिंग के साथ वे लेफ्टी होने के कारण टीम की बैटिंग में वैरायटी लाती हैं। इतना ही नहीं, 125.16 के स्ट्राइक रेट से रन बनाती हैं। 78 मैच में मूनी के बल्ले से 2 शतक और 15 अर्धशतक सहित 2144 रन निकले हैं। विकेट के पीछे मूनी ने 33 कैच और दो स्टंपिंग की हैं।

### पूजा वस्त्राकर

फिनिशर की भूमिका में खेलती हैं। पावर हिटर हैं और तेज गेंदबाजी भी कर सकती हैं। 23 साल की पूजा ने 44 मैचों में 125.36 के स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाए हैं। साथ 6.07 की इकोनॉमी से 29 विकेट भी लिए हैं।

### रिचा घोष

19 साल की रिचा घोष 3 डायमेंसन प्लेयर हैं। वे बैटिंग, बॉलिंग और विकेटकीपिंग तीनों कर सकती हैं। रिचा ने 44 टी-20 मुकाबलों में 135.50 की स्ट्राइक रेट से 458 रन बनाए हैं। विकेट के पीछे रिचा ने 12 कैच पक? और 16 स्टंपिंग की। उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 31 रन की संयम भरी पारी खेलकर भारत को जीत दिलाई।

### हरमनप्रीत कौर

लीडरशिप मटेरियल हैं, भारतीय टीम की कप्तान हैं और सबसे अहम बात बड़ी पारी खेलने में सक्षम हैं। 33 साल की हरमनप्रीत कौर ने 147 मैचों में 2956 रन बनाए हैं। उनके नाम 9 अर्धशतक और एक शतक है। वे 6.27 की इकोनॉमी से गेंदबाजी भी करती हैं। हरमन के नाम 32 विकेट भी दर्ज हैं।इ

### सोफी एक्लेस्टोन

23 साल की इंग्लिश गेंदबाज सोफी लेफ्ट ऑर्म ऑर्थोडॉक्स गेंदबाजी करती हैं। 67 टी-20 मुकाबलों में सोफी ने 5.85 की इकोनॉमी से 92 विकेट लिए हैं।

### एलीस पेरी

32 साल की एलीस फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर हैं। ऑस्ट्रेलियाई की इस ऑलराउंडर ने 134 मुकाबलों में 111.97 के स्ट्राइक रेट से 1515 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 7 हाफ सेंचुरी भी आई हैं। गेंदबाजी की बात करें तो पेरी ने 5.84 की इकोनॉमी से 120 विकेट लिए हैं।

### यस्तिका भाटिया

22 साल की यस्तिका मीडिल ऑर्डर में बैटिंग करती हैं। साथ ही लेफ्ट ऑर्म स्पिनर हैं। उनकी मौजूदगी से टीम की बॉलिंग और बैटिंग दोनों में वैरायटी आती है। यस्तिका ने 14 मैचों में 142 रन बनाए हैं।

### रेणुका सिंह

27 साल की रेणुका सिंह मीडियम पेस गेंदबाजी करती हैं। उन्होंने 28 मैचों में 24 विकेट चटकाए हैं।

### मारिजन कैप

साउथ अफ्रीकी ऑलराउंडर मारिजन कैप मीडियम पेस बॉलिंग ऑलराउंडर हैं। वे जितनी तेज बॉलिंग करती हैं। उसी स्पीड से रन भी बनाती हैं। उनका होना टीम के लोअर मिडिल ऑर्डर को मजबूती देता है। 33 साल की कैप ने 89 मैचों में दो फिफ्टी सहित 1131 रन बनाए हैं। इतना ही नहीं 5.45 की इकोनॉमी से 68 विकेट भी लिए हैं।

# मारुति हेल्थ क्लब के खिलाड़ियों का दबदबा



**जबलपुर, यशभारत।** जिला पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में मारुति हेल्थ क्लब के पावरलिफ्टर महिला एवं पुरुष ने कुल 21 पदक जीते। जिसमें पुरुष वर्ग में अश्वर कुमार ठाकुर, शशांक जोशी, कृष्णा ,पुरुषोत्तम रजक, आफताब अली ,दीपांशु चक्रवर्ती ने स्वर्ण एवं रजनीश सागर ,राहुल मरावी ने रजत पदक एवं आजाद पटेल ,विशाल पिल्ले, विवेक लोधी, करण चक्रवती ने कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में निशा धुर्वे ,चित्रा, नायडू ,शिखा गड़ेवल, मानसी सराठे ,यशिका शर्मा ने स्वर्ण पदक एवं रोशनी रॉय ने रजत पदक पर कब्जा किया। मारुति हेल्थ क्लब के शशांक जोशी ने जबलपुर जूनियर स्ट्रांग मैन का खिताब एवं निशा धुर्वे ने महिला स्ट्रांग वूमेन एवं ओवरऑल बेस्ट लिफ्टर का खिताब अपने नाम किया। मास्टर वर्ग में पुरुषोत्तम रजक ने जबलपुर स्ट्रांग मैन का खिताब जीता। यह सभी खिलाड़ी मारुति हेल्थ क्लब में अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टर आनंद कुमार पटेल से सघन अभ्यास रात है इनकी विशेष कामयाबी पर पूर्व एआईजी राजेश तिवारी, अर्जुन अवॉर्डी सुश्री मधु यादव ,डॉ प्रशांत मिश्र, देवेंद्र सरीन, सचिन यादव, मोहम्मद आजाद, संजय बिल्लौरे, अब्दुल हफीज, ने हर्ष व्यक्त किया।

# शाहरुख की जवान में होगी अल्लू अर्जुन की एंट्री!

## कैमियो रोल में आ सकते हैं नजर, मेकर्स ने सुपरस्टार को किया अप्रोच

मुंबई, ईएमएस। पठान की सक्सेस के बाद मेकर्स शाहरुख की अगली फिल्म जवान का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में अब खबर आ रही हैं कि साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन भी किंग खान की इस फिल्म का हिस्सा हो सकते हैं। हालांकि अबी तक मेकर्स की तरफ से इस बात की कोई पुष्टि नहीं हुई है।



### मेकर्स ने अल्लू अर्जुन को किया अप्रोच

इंडिया टुडे की रिपोर्ट्स की मानें तो मेकर्स ने अर्जुन को कैमियो के लिए अप्रोच किया है, अगर चीजें ठीक रहती हैं तो जवान के साथ वो अपना बॉलीवुड डेब्यू करेंगे। इतना ही नहीं कहा जा रहा है कि फिल्म में उनका कैमियो काफी अहम हो सकता है। कुछ समय पहले शाहरुख का एक लुक सामने आया था, जिसमें उनका चेहरा पट्टियों से बंधा हुआ था।खबरें सामने आने के बाद से ही एसआरके और अल्लू अर्जुन के फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है। बड़े पर्दे पर दोनों का कोलैबोरेशन अपने आप में ही बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़ सकती है।

### लीड रोल्स में दिखेंगे नयनतारा और विजय सेतुपति

साउथ डायरेक्टर एटली कुमार की इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में कई साउथ इंडियन सेलेब्स मुख्य भूमिका निभाएंगे। शाहरुख के अलावा जवान में नयनतारा,प्रियामणि और विजय सेतुपति लीड रोल्स में नजर आएंगे।फर्स्ट लुक सामने आने के बाद ही एसआरके फैंस जवान का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### पुष्पा 2 की शूटिंग लगभग कंप्लीट हुई

अल्लू अर्जुन इन दिनों फिल्म पुष्पाःद रूल की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन फैमस साउथ इंडियन डायरेक्टर सुकुमार ने किया है। खबरों की मानें तो फिल्म की शूटिंग लगभग कंप्लीट हो गई है।

# शुभमन गिल ICC प्लेयर ऑफ द मंथ बने

## वनडे में डबल सेंचुरी लगाई, टी-20 में शतक जमाया; सिराज और कॉन्वे को पीछे छोड़ा

**दुबई, एजेंसी।** टीम इंडिया के ओपनर शुभमन गिल ने मोहम्मद सिराज और डेवोन कॉन्वे को पछा? कर ICC प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड अपने नाम किया है। सोमवार को ICC ने जनवरी के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड घोषित किया। गिल ने पिछले महीने सफेद गेंद के दोनों फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन किया। बीते महीने ही खेल के सबसे छोटे प्रारूप टी-20 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने एक फरवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल शतक भी लगाया। न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने 126 रन की नॉट आउट पारी खेली। इस शतक के साथ वह तीनों फॉर्मेट में शतक जड़ने वाले पांचवें भारतीय बने। भारत के लिए टी-20 क्रिकेट में यह सबसे बड़ा स्कोर भी है। उनसे पहले विराट कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ 122 रन की नॉटआउट पारी खेली थी।




श्रीलंका के खिलाफ टी-20 में वनडे और टी-20 में किया शानदार प्रदर्शन गिल ने मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ पहला टी-20 में 7 रन बना सके, लेकिन उसके बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। तीसरे मैच में 46 रन बनाये। इसके बाद तीन वनडे में 70, 21 और 116 रन बनाये।न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले महीने वनडे में 149 गेंदों पर 208 रन की पारी खेली। वह वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक जड़ने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बने। इसके बाद अगली दो पारियों में नाबाद 40 और 112 रन बनाये। उन्होंने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 360 रन बनाकर पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम के रिकॉर्ड की बराबरी की।

# श्रेयस तलपड़े की 2012 में रिलीज फिल्म पर मचा बवाल

**मुंबई, एजेंसी।** श्रेयस तलपड़े ने हाल ही में अपनी 2012 की फिल्म च्कमाल धमाल मालामालज के एक सीन के लिए माफी मांगी है। दरअसल इस फिल्म के एक सीन में श्रेयस की स्टीकर लगे एक मिनी ट्रक को पैर से रोकते हैं। अब सोशल मीडिया पर उनका ये वीडियो वायरल हो रहा है। कुछ सोशल मीडिया हैंडल श्रेयस को निशाना बना रहे हैं। उनका कहना है कि फिल्म में क्रिश्चियन बने शख्स ने अपने पैर से का अपमान कर हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। हालांकि ये फिल्म 11 साल पुरानी है लेकिन मामले को बढ़ता देख श्रेयस ने सोशल मीडिया पर एक नोट शेयर कर माफी मांग ली है।

### गलती हो गई, ध्यान देना चाहिए था- श्रेयस

श्रेयस तलपड़े ने सोशल मीडिया पर लिखा, च्जब कोई शूटिंग करता है कई सारी चीजे होती हैं। एक्शन सीन्स में हम एक माइंडसेट में रहते हैं। उस समय डायरेक्टर की मांग से लेकर समय की कमी जैसी काफी सारी चीजे रहती हैं। हालांकि मैं इस वीडियो में जो कुछ भी देख रहा हूं उसके लिए अपने आप को सही नहीं ठहरा रहा। मैं बस इतना कह सकता हूं कि जो भी हुआ वो सब अनजाने में हुआ और मैं इसके लिए माफी भी मांगता हूं। मुझे ये चीज ध्यान देनी चाहिए थी और डायरेक्टर को भी बताना चाहिए था, लेकिन मैं यकीन दिलाता हूं कि जानबूझ कर भी ये गलती अब दोबारा नहीं होगी।

# मैच के बाद चला सेल्फी, ऑटोग्राफ और गले मिलने का दौर, एक साथ दिखीं भारत-पाकिस्तान की खिलाड़ी






**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका में चल रहे टी20 विश्व कप में पाकिस्तान को हरा दिया। रविवार (12 फरवरी) को खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया ने सात विकेट से जीत हासिल की। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 149 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया ने 19 ओवर में तीन विकेट पर 151 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने एक-दूसरे से ड्रेसिंग रूम में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सेल्फी, ऑटोग्राफ और जर्सी एक्सचेंज का दौर चला। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को गले लगाया। वहीं, कुछ ने जोक्स मारे तो सभी हंस पड़े। मैदान पर कड़ी प्रतिद्वंद्वीता के बावजूद दोनों टीमों की खिलाड़ी एक-दूसरे की दोस्त नजर आईं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इसका एक वीडियो शेयर किया है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को पाकिस्तानी टीम की एक जर्सी मिली। हरमन ने भी पाकिस्तानी खिलाड़ी को भारतीय टीम की जर्सी दी।

### शेफाली ने खेली तेज पारी

भारत के लिए रन चेज करना आसान नहीं रहा। 13.3 ओवर में जब टीम इंडिया ने तीन विकेट गंवा दिए तो ऐसा लगा कि मैच यहां से फंस जाएगा। स्मृति मंधाना की अनुपस्थिति में शेफाली वर्मा के साथ यास्तिका भाटिया ने बल्लेबाजी की शुरुआत की। यास्तिका 20 गेंद पर 17 रन बनाकर आउट हो गई। उनके बाद शेफाली वर्मा 25 गेंद पर 33 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। 65 रन पर भारत को दो झटके लग गए।

### जेमिमा ने दिलाई टीम इंडिया को जीत

दो विकेट गिर जाने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर क्रीज पर जेमिमा रोड्रिग्ज का साथ देने आई। वह बड़ी पारी नहीं खेल पाई। इस अहम मैच में उनका बल्ला नहीं चला। सारी जिम्मेदारी अनुभवी जेमिमा रोड्रिग्ज पर आई। उन्होंने एक छोर संभाले रखा और टीम को जीत दिला दी। जेमिमा को ऋचा घोष का बखूबी साथ मिला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 33 रन पर 58 रन की साझेदारी की। रोड्रिग्ज 38 गेंद पर 53 और ऋचा 20 गेंद पर 31 रन बनाकर नाबाद रहीं।

# ऑएन मोर्गन ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से लिया संन्यास

## 2019 में इंग्लैंड को जिताया था वर्ल्ड कप, साउथ अफ्रीका टी-20 लीग में खेला आखिरी मैच



**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ऑएन मोर्गन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने इसकी जानकारी सोमवार को सोशल मीडिया पर दी। मोर्गन ने इंग्लैंड को बतौर कप्तान इंग्लैंड को पहला वनडे वर्ल्ड कप जिताया था। मोर्गन पिछले साल जून में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके थे, लेकिन अब उन्होंने फ्रेंचाइजी क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया है। मोर्गन ने अपना आखिरी मैच साउथ अफ्रीका लीग में खेला। वे पर्ल रॉयल्स टीम का हिस्सा थे। 8 फरवरी 2023 को प्रेटोरिया रॉयल्स के खिलाफ आखिरी मैच में मोर्गन ने 13 बॉल में 17 रन बनाए थे।मोर्गन लिमिटेड ओवर क्रिकेट के इतिहास में इंग्लैंड के अब तक के बेस्ट कप्तान साबित हुए। उनकी कप्तानी में इंग्लिश टीम ने 198 वनडे मैच खेले। इसमें टीम को 118 में जीत मिली। वहीं, टी-20 में उन्होंने 72 मैचों में कप्तानी की और टीम को 42 मैचों में जीत दिलाई।

# नागपुर की स्पिन पिच पर अभ्यास का मौका न मिलने पर तिलमिलाए ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज, आईसीसी से मांगी मदद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैच की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में कंगारू टीम को पारी और 132 रन से हार का सामना करना पड़ा। नागपुर में ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 177 और दूसरी पारी में 91 रन बना पाई। यह मैच पूरे तीन दिन तक भी नहीं चला। भारत के रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के सामने कंगारू बल्लेबाज बेबस नजर आए। नागपुर में करारी हार के बाद ऑस्ट्रेलिया ने स्पिन पिच पर अभ्यास करने का प्लान बनाया था। कंगारू टीम चाहती थी कि रविवार को खिलाड़ी इस पिच पर अभ्यास करें और दिल्ली में होने वाले दूसरे मैच की तैयारी करें। हालांकि, ऐसा हुआ नहीं। नागपुर के पिच क्यूरेटर ने शनिवार को ही पिच में पानी डाल दिया और ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास करने के प्लान पर भी पानी फिर गया। इसके बाद से कंगारू तिलमिलाए हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया का पूरा ध्यान अभी भी पिच पर ही है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर इयान हीली ने इस मामले में आईसीसी से हस्तक्षेप करने को कहा है। हीली ने कहा, च्नागपुर के उस



विकेट पर कुछ अभ्यास सत्र आयोजित करने की हमारी योजना को विफल करना वास्तव में शर्मनाक है। यह अच्छा नहीं है, यह सिर्फ क्रिकेट के लिए अच्छा नहीं है। आईसीसी को यहां कदम रखने की जरूरत है। जब अभ्यास के लिए अनुरोध किया गया था तो उनके लिए विकेट पर पानी डालना दुखद था और इसमें सुधार करना होगा। नागपुर की पिच टेस्ट सीरीज की शुरुआत से ही चर्चा का विषय रही है और मैच समाप्त होने के बाद भी, ऐसा लगता है कि बहुत कुछ नहीं बदला है।

### मैच से पहले भी लगे थे आरोप

मैच से पहले भी कुछ ऑस्ट्रेलियाई पत्रकारों और पूर्व क्रिकेटरों ने भारतीयों पर अपनी जरूरत के मुताबिक पिच में बदलाव करने का आरोप लगाया था। मैच में, भारत ने पहली पारी में 400 रनों का विशाल स्कोर बनाया, जबकि ऑस्ट्रेलिया दो पारियों में कुल मिलाकर 268 रन ही बना सका। नई दिल्ली में होने वाले दूसरे टेस्ट में पिच से एक बार फिर स्पिनरों को सहायता मिलने की उम्मीद है। दौरे पर एक भी अभ्यास मैच नहीं खेलने वाला ऑस्ट्रेलिया अपने दम पर अभ्यास कर रहा है, लेकिन उसकी योजना फिलहाल उल्टी पड़ती दिख रही है और हार का ठीकरा भारत की पिच और पिच क्यूरेटर पर फोड़ा जा रहा है।

## जबलपुर मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी

# बीमार कुलपति परिषद की बैठक में शामिल हुए डी श्रेणी कॉलेज को संबंद्धता देने की तैयारी

**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी का अधिकारियों का एक ओर कारनामा सामने आया है। इस बार विवि सहित मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ अधिकारियों ने गुपचुप तरीके से विद्या परिषद की बैठक आयोजित कर ली, इसमें सबसे ज्यादा हैरानी की बात यह है कि हार्ट अटैक आने से अस्पताल में बीमार हुए कुलपति भी वर्चुअल इस बैठक में शामिल हो गए। बताया जा रहा है कि जिन नर्सिंग कॉलेजों ने चिकित्सा शिक्षा के मापदंड पूरे नहीं किए है उनको आज मंगलवार को आयोजित होने वाली कार्यपरिषद की बैठक में संबंद्धता दे दी जाएगी। बैठक में इस मुद्दे को लेकर केवल औपचारिकता होना शेष है।**



### दुर्भाग्य कहेंगे इसे, ऐसे कॉलेजों से कैसे डॉक्टर बनेंगे

जिन कॉलेजों के पास भवन नहीं, फै कल्टी नहीं है फिर भी विवि संबंद्धता देकर इन कॉलेजों में डॉक्टर तैयार करना चाहता है। कुछ पैसों के लालच में आकर विवि के अधिकारी लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इन कॉलेजों से निकलने वाले डॉक्टर किस तरह का इलाज लोगों का करेंगे यह किसी से छिपा नहीं है।

### डी कॉलेजों को संबंद्धता देने पर विरोध कर चुके ईसी मेम्बर

मालूम हो कि विवि अधिकारियों ने कुछ छात्रों के विरोध प्रदर्शन को देखकर ऐसे कॉलेजों को भी संबंद्धता देने का निर्णय लिया था जिनके पास खुद का भवन नहीं है और न ही फे केल्टी थी। ऐसे कॉलेजों को डी श्रेणी में रखा गया था, विवि के संबंद्धता देने वाले निर्णय को लेकर ईसी मेम्बरों ने विरोध किया था। इसको लेकर काफी हंगामा भी हुआ था लेकिन विवि अधिकारियों ने सारे विरोध को दरकिनार कर अपनी मनमानी की। विवि अधिकारियों ने भ्रष्टाचार करने का एक आसान तरीका अपनाया। डी कॉलेजों का निरीक्षण करने ढोंग रचा गया ऐसे कॉलेजों का निरीक्षण तो कराया गया लेकिन उसमें लापरवाही की गई। कागजों में निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की गई।

## वेटरनरी यूजी विद्यार्थियों ने कहा ,सीएम...

# सर... हमसे अच्छे मजदूर है..400 कमाते हैं, हमे तो 150 रुपए मिल रहा है




### विद्यार्थियों ने शुरू की हड़ताल, विधायक रोहाणी को सौंपेंगे ज्ञापन

**जबलपुर, यशभारत।** नानाजी देशमुख विश्वविद्यालय के यूजी छात्रों ने आज मध्यप्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने विवि के समक्ष धरना देते हुए कहा कि पीजी की डिग्री के लिए साढ़े पांच पढ़ाई की है, आज पशु सेवा कर रहे हैं लेकिन उस सेवा का मानदेय दैनिक मजदूरों से कम है। एक मजदूर को 400 रूपए मिलता है जबकि एक इंटरशिप यूजी छात्र को 150 रूपए दिया जा रहा है। छात्रों का कहना था कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आश्वासन दिया था कि इंटरशिप स्टायफंड बढ़ा दिया जाएगा लेकिन आज तक सीएम का आश्वासन पूरा नहीं हुआ है। विद्यार्थियों ने कहा कि वेटरनरी के यूजी छात्रों से तो अच्छे मजदूर है जो हर माह 12 हजार रूपए कमा रहे हैं, छात्रों को माह में सिर्फ 4600 रूपए दिए जा रहे हैं। लेकिन अब विद्यार्थी यह सब बर्दाश्त नहीं करेंगे, अगर मप्र सरकार स्टायफंड की राशि नहीं बढ़ाती है तो वेटरनरी के सभी स्टूट्डेंस अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। इधर वेटरनरी छात्रों ने स्टायफंड बढ़ाये जाने को लेकर आज मंगलवार से हड़ताल शुरू कर दी है। दोपहर को केंट विधायक को विद्यार्थी ज्ञापन सौंपेंगे।

#### प्रपोजल शासन को भेजा जा चुका है :कुलपति

इस संबंध में वेटरनरी कुलपति डॉक्टर एसपी तिवारी का कहना है कि यूजी छात्रों की मांग पर बहुत पहले एक प्रपोजल शासन को भेजा जा चुका है। विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी इसकी जानकारी है। विवि की तरफ से जो मदद विद्यार्थियों की जा सकती है वो की जा रही है। फिलहाल यूजी विद्यार्थियों को जो मानदेय मिल रहा है कम है अन्य राज्यों में बढ़ोत्तरी कर दी गई है।

## गढ़ा में लाखों की सट्टा पट्टी जब्त

# 3 आरोपियों से मिले 44 हजार, सरगना फरार



**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा थाना अंतर्गत गुप्ता नगर में पुलिस ने दबिश देकर तीन सटोरियों से लाखों की सट्टा पट्टी जब्त की है। आरोपियों की तलाशी लेने पर पुलिस को 44 हजार 700 रूपये मिले है। तीनों पर कार्रवाई करते हुए अब पुलिस लिंक तलाश रही है। पुलिस को अंदेशा है कि पकड़े गए सटोरिए गुर्गे है और खेल का सरगना कोई और है। जिसकी पुलिस तलाश में जुटी है। जानकारी अनुसार एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा को सूचना मिली कि गुप्ता नगर में मजार के पास विजय यादव उर्फ लंगड़ा , अज्जू यादव एवं नीरज बैरागी उर्फ डीके बड़े स्तर पर सट्टा पट्टी लिख रहे हैं। सूचना पर आदेशित किए जाने पर नगर पुलिस अधीक्षक कैंट शशांक के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी प्रेमसागर प्रभाकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस लाइन एवं थाना गढ़ा की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर नीरज बैरागी उर्फ डीके 41 वर्ष निवासी जेडीए कालोनी तिलवारा, अजय उर्फ अज्जू यादव 52 वर्ष , विजय उर्फ लंगड़ा यादव 60 वर्ष दोनों निवासी गढ़ा को दबोचकर तीनों सटोरियो की तलाशी लेने पर केलकुलेटर, लाखों की सटटा पट्टी, 20 पर्ची बुक एवं 44 हजार 700 रूपये जब्त करते हुये कार्यवाही की गई।

# कबाड़ में आग : लाखों का सामान खाक

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर के रद्दी चौकी के पास सुबह एक कबाड़ गोदाम में अचानक ही भीषण आग लग गई, आग लगने से आसपास अफरा तफरी का माहौल बन गया, स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी जिसके बाद मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड का अमला पहुंचा और आग को बुझाने में जुट गया। दमकल कर्मियों ने जब तक आग पर काबू पाया तब तक कबाड़ के गोदाम में रखा लाखों रुपए का माल जल चुका था। गोदाम में आग लगने का कारण अभी अज्ञात है। गोदाम एहसास अली का है जिसमें एक ट्रक भी खड़ा हुआ था जो कि आग की चपेट में आ जाने से जल गया है। दमकलकर्मी के मुताबिक करीब चार से पांच गाड़ियों ने गोदाम में लगी आग को बुझाया। गोदाम के अंदर प्लास्टिक, लोहे का कबाड़ रखा हुआ था। इसके अलावा ट्रक के चारों चक्के भी जल गए।






























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)